प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक    केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



बिहार में नीतीश युग का चौकाने वाला अंत पेज- 2

ई-रिक्शे की टक्कर से बाइक सवार घायल पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 78 | सोमवार 09 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## यूपी की बेटियां किसी पर निर्भर नहीं रहेंगीं

### जन्म से ग्रेजुएशन तक अकाउंट में आएगे पैसे, महिला दिवस पर बोले योगी

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि सूबे की बेटियां अब किसी पर निर्भर नहीं रहेंगीं क्योंकि सरकार उनके जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए एक पैकेज देगी। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए रोजगार सम्मान व विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक लाभ के वितरण कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं के लिए अपनी सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का विस्तार से जिक्र किया। उन्होंने कहा, बेटियां अब किसी पर निर्भर नहीं रहेंगीं क्योंकि जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए सरकार एक पैकेज देगी। योगी ने कहा कि लड़की के जन्म के बाद पंजीकरण के तहत नाम रजिस्टर पर लिखा जाएगा वैसे ही बच्ची के जन्म पर मिलने



वाला धन बैंक खाते में पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा सभी प्रकार के टीकों को लगवाने के लिए भी सरकार धन उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि बेटी जब पहली कक्षा में प्रवेश लेगी तो पंजीकरण के साथ ही धन उसके खाते में आ जाएगा और जब वह पांचवी कक्षा उत्तीर्ण कर अगली कक्षा में प्रवेश लेगी, धन उसके खाते में पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा, 25 हजार की धनराशि अलग–अलग श्रेणी में दी जाएगी। वर्तमान में 27 लाख बेटियां इस योजना का लाभ प्राप्त कर रही है। मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह योजना का जिक्र करते हुए कहा कि जब बेटी शादी के योग्य हो जाए तो भी उसके अभिभावकों को उसकी शादी के खर्च की चिंता करने की जरूरत नहीं है वर्तमान में सरकार बेटी की शादी के लिए एक लाख रुपए दे रही है और इस योजना के तहत अब तक चार लाख से ज्यादा बेटियों की शादी संपन्न कराई जा चुकी है। योगी ने श्लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार इसे जल्द ही शुरू करेगी, जिसमें बेटियों को स्कूटी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में मेधावी लड़कियों को स्कूटी दी जाएगी और दूसरे चरण में अन्य सभी छात्राओं को इससे जोड़ा जाएगा।

## प्रशांत महासागर में 6.0 तीव्रता का भूकंप, 'रिंग ऑफ फायर' में फिर जोर से हिली धरती

(एजेंसी) नई दिल्ली। रविवार को दक्षिण प्रशांत महासागर में रिक्टर पैमाने पर 6.0 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। इसकी जानकारी भारत के नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) ने दी। एनसीएस के अनुसार भूकंप 8 मार्च 2026 को भारतीय समयानुसार दोपहर 2.58 बजे आया।फिलहाल इस भूकंप से किसी बड़े नुकसान या सुनामी की चेतावनी की खबर नहीं है। भूकंप जिस क्षेत्र में आया, वह प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' का हिस्सा है। यह दुनिया का सबसे सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र माना जाता है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार दुनिया के लगभग 90: भूकंप इसी क्षेत्र में आते हैं। 81: सबसे बड़े भूकंप भी इसी बेल्ट में दर्ज होते हैं। 'रिंग ऑफ फायर' में कई टेक्टोनिक प्लेटें एक–दूसरे से टकराती या एक प्लेट दूसरी के नीचे धंसती हैं। इसी प्रक्रिया को सबडक्शन कहा जाता है। इसी कारण यहां बार–बार भूकंप और ज्वालामुखीय गतिविधियां होती रहती हैं। इसी भूकंपीय बेल्ट में इतिहास के कई शक्तिशाली भूकंप दर्ज हुए हैं, जैसे 1960 का चिली (वाल्डिविया) भूकंप–9.5 तीव्रता, 1964 का अलास्का भूकंप– 9.2 तीव्रतावैज्ञानिकों के अनुसार दुनिया में हर साल करीब 5 लाख भूकंप दर्ज होते हैं। इनमें से लगभग 1 लाख भूकंप लोगों को महसूस होते हैं, जबकि करीब 100 भूकंप नुकसान पहुंचाते हैं।

## राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन मामले में केंद्र सख्त, गृह मंत्रालय ने बंगाल सरकार से मांगी रिपोर्ट

(एजेंसी) नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के उत्तर बंगाल दौरे के दौरान प्रोटोकॉल उल्लंघन और कार्यक्रम स्थल में अचानक बदलाव को लेकर विवाद गहरा गया है। सूत्रों के मुताबिक गृह मंत्रालय ने पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। केंद्रीय गृह सचिव ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर शाम पांच बजे तक स्पष्टीकरण देने को कहा है। यह विवाद दार्जिलिंग जिले में आयोजित 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन से जुड़ा है, जहां राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। मूल कार्यक्रम बिधाननगर में प्रस्तावित था, लेकिन प्रशासन ने सुरक्षा और भीड़भाड़ का हवाला देकर इसे गोशाईपुर स्थानांतरित कर दिया। राष्ट्रपति ने स्थल छोटा होने पर नाराजगी जताई और ममता से प्रोटोकॉल पालन पर सवाल उठाए। राष्ट्रपति ने ममता बनर्जी को छोटी बहन बताते हुए पूछा कि क्या वो उनसे नाराज हैं, क्योंकि न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री उन्हें रिसीव करने पहुंचीं, जबकि पद की गरिमा के लिए प्रोटोकॉल का पालन जरूरी है। सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल में कई पैमानों पर सुरक्षा संबंधित ब्लू बुक के नियमों का उल्लंघन हुआ है। जिसमें– प्रेसिडेंट को रिसीव करने और सी–ऑफ करने के लिए



मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव और पुलिस महानिदेशक क्यों नहीं थे?। सिर्फ सिलीगुड़ी के मेयर ही उन्हें रिसीव करने के लिए वहां थे। राष्ट्रपति के लिए बने वॉशरूम में भी पानी नहीं था। प्रशासन जिस रास्ते से गुजरा, वह कचरे से भरा हुआ था। सूत्रों का ये भी कहना है कि इस परिस्थितियों के लिए दार्जिलिंग के डीएम, सिलीगुड़ी के सीपी और एडीएम जिम्मेदार हैं। इस मामले में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एक्स पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने अराजक व्यवहार करते हुए भारत के राष्ट्रपति का अपमान कर एक नया निचला स्तर छू लिया है। उन्होंने इसे भारत के संवैधानिक लोकतंत्र के मूल्यों पर आघात बताया और कहा कि आज लोकतंत्र में विश्वास रखने वाला हर नागरिक आहत और दुखी महसूस कर रहा है। कार्यक्रम में प्रोटोकॉल की खुली अनदेखी कर राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई गई है। शाह ने आरोप लगाया कि ये घटना टीएमसी सरकार में व्याप्त अव्यवस्था और गिरावट को दिखाती है। सरकार न सिर्फ नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करती है, बल्कि राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च संवैधानिक पद का भी सम्मान नहीं करती। खास तौर पर आदिवासी भाई–बहनों के कार्यक्रम में हुआ ये व्यवहार पूरे देश के लिए अपमानजनक है। केंद्रीय गृह ने इस घटना को भारत के संवैधानिक लोकतंत्र के मूल्यों पर आघात करार दिया है। आज लोकतंत्र में विश्वास रखने वाला हर नागरिक आहत और दुखी महसूस कर रहा है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति का सम्मान करती हैं, लेकिन अगर कोई 50 बार भी आए तो हर कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि वह इस वक्त धरने पर बैठी हैं और जिस कार्यक्रम का जिक्र किया जा रहा है, उसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने इस कार्यक्रम के राज्य को जानकारी न होने की बात करते हुए कहा, श्उस कार्यक्रम के आयोजकों, फंडिंग या आयोजन को लेकर राज्य सरकार को कोई जानकारी नहीं दी गई थी। जब भी राष्ट्रपति राज्य में आती हैं या जाती हैं तो इसकी सूचना मिलती है, लेकिन संबंधित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के बारे में कोई जानकारी नहीं थी और न ही राज्य सरकार उस कार्यक्रम का हिस्सा थी।

## मतदाता सूचियों से वैध मतदाताओं को हटाने के लिए निर्वाचन आयोग का दुरुपयोग कर रही भाजपा : ममता बनर्जी

(एजेंसी) कोलकाता। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद प्रकाशित मतदाता सूची में कथित तौर पर मनमाने तरीके से नाम हटाए जाने के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने भाजपा पर मतदाता सूचियों से वैध मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग



का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह टिप्पणी रविवार को की, जब निर्वाचन आयोग का एक दल राज्य विधानसभा चुनावों से पहले चुनावी तैयारियों की समीक्षा करने के लिए कोलकाता आने वाला है। बनर्जी ने यह आरोप भी लगाया कि देश अपनी लोकतांत्रिक नींव पर एक अभूतपूर्व और सीधा हमला होता देख रहा है। उन्होंने कहा कि अपने एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी के उन्माद में, भाजपा सुनियोजित तरीके से हर लोकतांत्रिक संस्था और संवैधानिक पद का दुरूपयोग कर रही है ताकि वह अपनी जन–विरोधी महत्वाकांक्षाओं को पूरा कर सके। तृणमूल प्रमुख ने कहा, वर्षों से, उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों, राष्ट्रीय आयोगों, गोदी मीडिया और न्यायपालिका के एक वर्ग को बंगाल के खिलाफ उतार दिया है। वे बर्बाद हो चुके आयोग का दुरुपयोग कर रहे हैं ताकि वे वैध मतदाताओं को मतदाता सूची से हटा सकें। बनर्जी ने भाजपा नेतृत्व को दिल्ली का जमींदार बताया और दावा किया कि वे बंगाल को अपने अधीन करने के अपने मिशन में कभी सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा, धर्मतला में हमारा धरना उन सभी बांग्ला–विरोधी (बंगाल–विरोधी) एजेंडों का जवाब है जो इस राज्य के लोगों को अपमानित करने, डराने और सताने का प्रयास करते हैं। बनर्जी ने दावा किया कि जहां भाजपा की एकमात्र प्राथमिकता सत्ता है, वहीं उनकी प्राथमिकता हमेशा से जनता रही है।

## महिला दिवस पर दिल्ली को 33,500 करोड़ की सौगात

### पीएम मोदी बोले- आपदा सरकार ने रोकी थी दिल्ली की विकास यात्रा

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आपदा सरकार की वजह से दिल्ली का विकास रूक गया था लेकिन पिछले एक साल दिल्ली में चहुंओर विकास हो रहा है और इसका लाभ लोगों को मिल रहा है। पीएम मोदी ने रविवार को यहां बुराड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम में दिल्ली में 33,500 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कहा कि अब पता चल रहा है कि एक वर्ष पहले दिल्ली जिस आपदा से मुक्ति पाई वह कितनी जरूरी थी। अगर आपदा सरकार न होती तो मेट्रो का चौथा चरण पहले हो जाता। भाजपा की सरकार बनने के बाद दिल्ली में चारों तरफ विकास में तेजी आई है। दिल्ली में हर दिन लाखों लोग बसों में सफर करते हैं इसलिए लोगों को साफ आरामदायक बस सेवा मिली है। चार हजार से अधिक बसें दिल्ली की सेवा कर रही है जिसमें ईवी बसें भी शामिल है। करीब दस वर्षों तक आपदा सरकार ने विकास का काम



ठप्प कर रखा था लेकिन अब विकास का तेजी से किया जा रहा है। भाजपा सरकार यमुना की सफाई के लिए भी बडे स्तर पर काम कर रही है। दिल्ली में पहले जो आपदा सरकार थी उसे लोगों की परेशानी से कोई फर्क नहीं पड़ता था। आपदा सरकार ने कभी गरीबों की परवाह नहीं की लेकिन रेखा गुप्ता के नेतृत्व में निरंतर स्थितियों को ठीक किया जा रहा है। पिछले एक वर्ष में बड़ी संख्या में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाया गया जिससे लोगों को लाभ मिल रहा है। दिल्ली में विकास का माडल है। काम शुरु, बहाने बंद है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेट्रो के विस्तार से लेकर में हजारों कर्मचारियों के लिए लगातार सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। दिल्ली में जिस उम्मीद के साथ भाजपा की सरकार बनी थी उसका परिणाम विकास कार्यों में दिख रहा है। आज का कार्यक्रम एक और वजह से भी विशेष है वह है अंतराष्ट्रीय महिला दिवस। राजनीति प्रशासन विज्ञान खेल या समाज सेवा क्षेत्र में भारत की नारी एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ रही है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति भारत के विशाल लोकतंत्र के बारे में सोचता है तो दिल्ली की तस्वीर आती है। दिल्ली का विकास केवल एक शहर का विकास नहीं होता बल्कि पूरे देश की छवि से जुड़ा होता है। दिल्ली जितनी आधुनिक होगी भारत का आत्मविश्वास दुनिया के सामने उतनी ही मजबूती से दिखायी देगा। आज दिल्ली सुविधाओं के मामले में आगे बढ रही है। एक समय था जब दिल्ली की खराब व्यवस्था की ही चर्चा होती थी। दिल्ली के एक हिस्से से दूसरे हिस्सों में जाने में घंटों लगते थे लेकिन अब विकास तेजी से आगे बढ रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया के बड़े–बड़े शहरो में इतना बड़ा नेटवर्क नहीं जितना दिल्ली में है। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार से लोगों का आवागन आसान हो जायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में जहां भी भाजपा की सरकार में वहां लोगों को किसी न किसी योजना का लाभ जरूर मिल रहा है। भाजपा सरकार समाज के सभी तबकों के लिए कुछ न कुछ जरूर कर रही है। भाजपा सरकार ने रेहड़ी पटरी वालो के दर्द को समझकर उनको बैंकिंग से जोड़ा और उनको आसान ऋण मिल रहा है। दिल्ली में डेबिट कार्ड कभी अमीरों के पास होती थी लेकिन अब रेहड़ी पटरी वालों के पास क्रेडिट कार्ड है और वह उसका फायदा उठा रहे हैं।

## आरोपी निजामुद्दीन के साम्राज्य पर चला एमसीडी का बुलडोजर, सीएम रेखा गुप्ता की चेतावनी के बाद एक्शन मोड में प्रशासन

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में हुए सनसनीखेज हत्याकांड के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने मुख्य आरोपी निजामुद्दीन से जुड़ी संपत्तियों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक यह कार्रवाई अवैध निर्माण और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत की गई है। इस मामले में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कड़े संकेत दिए थे। शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया था और चेतावनी दी थी कि आरोपियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी जो एक मिसाल बनेगी। मुख्यमंत्री के इस कड़े रुख के बाद रविवार को ही निगम की टीमें भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गईं। एमसीडी के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि उत्तम नगर स्थित जिस संपत्ति पर बुलडोजर चला है उसका सीधा संबंध आरोपी निजामुद्दीन से है। नगर निगम का कहना है कि आरोपी की संपत्ति के कुछ हिस्से का निर्माण नियमों के उल्लंघन और बिना किसी नक्शा पास कराए किया गया था। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय घटना




से बचने के लिए इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। उत्तम नगर में हाल ही में एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी, जिसमें निजामुद्दीन और उसके साथियों के नाम सामने आए थे। इस घटना के बाद इलाके में काफी तनाव फैल गया था और स्थानीय लोग आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। पुलिस ने मुख्य आरोपियों को पहले ही हिरासत में ले लिया है।

## ओडिशा सरकार हर क्षेत्र में महिला शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है : मोहन चरण माझी

(एजेंसी) भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार हर क्षेत्र में महिला शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। माझी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर राज्य की सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महिला शक्ति समाज की असली ताकत है। इसी दृढ़ विश्वास के साथ, हमारी सरकार महिलाओं के व्यापक विकास और सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि आज ओडिशा की महिलाएं सुभद्रा योजना के माध्यम से वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त कर रही हैं जबकि लखपति दीदी अभियान के माध्यम से नये उद्यमियों के रूप में उभर रही हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना लड़कियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक नयी क्रांति लाने के लिए तैयार है जबकि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना उनकी सामाजिक सुरक्षा को मजबूत कर रही है। उन्होंने एक्स पर लिखा, हमारे सभी प्रयासों का मौलिक लक्ष्य महिलाओं को सम्मान और समान अवसर प्रदान करना है। स्वास्थ्य से लेकर आत्मनिर्भरता तक, हम हर क्षेत्र में महिला शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आइए हम महिलाओं के अदम्य साहस और सफलताओं का उत्सव मनाएं और एक समतावादी समाज के निर्माण में योगदान दें। ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर , मैं उन महिलाओं के अपार योगदान को स्वीकार करता हूं जिनका समर्पण, दृढ़ता और नेतृत्व समाज को निरंतर आकार देता है। उनकी सेवाएं और



उपलब्धियां हमारे राष्ट्र की मजबूती और प्रगति में प्रभावशाली शक्ति बनी हुई हैं। इस मौके पर महिलाओं को बधाई देते हुए विपक्ष के नेता एवं बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने कहा, महिला सशक्तीकरण हमेशा हमारी सभी योजनाओं के लिए मार्गदर्शक शक्ति रहा है। पटनायक ने एक्स पर लिखा, महिला दिवस पर हम न केवल सभी क्षेत्रों में महिलाओं के नेतृत्व का उत्सव मनाते हैं बल्कि समाज में महिलाओं के लिए एक बड़ी भूमिका सुनिश्चित करने संबंधी अपने संकल्प को भी दोहराते हैं ताकि उनकी आवाज नीति, प्रगति और समृद्धि का अभिन्न अंग बन सके।

# सम्पादकीय

## बिहार में निशांत कुमार

जैसा कि सर्वविदित है कि बिहार के मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए पर्चा भर दिया है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि अब ऐसे में उनका दिल्ली आना अब तय है। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की तैयारी के बीच अब बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का एक बड़ा बयान सामने आया है। राबड़ी देवी ने दावा किया कि भाजपा, नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजकर उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने की साजिश कर रही है। वहीं दूसरी ओर लंबे समय से यह सवाल उठता


नफीस जाफरी

रहा है कि क्या निशांत कुमार कभी राजनीति में कदम रखेंगे। अब वह समय आ गया है। बिहार की राजनीति में पहले से कई बड़े राजनीतिक परिवार सक्रिय रहे हैं। लालू प्रसाद यादव के परिवार से तेजस्वी यादव,तेज प्रताप यादव और मीसा भारती राजनीति में सक्रिय हैं। इसी तरह रामविलास पासवान के बेटे चिराग पासवान भी राजनीति में बड़ा चेहरा बन चुके हैं। निशांत कुमार के राजनीति में आने के बाद बिहार में लालू यादव और रामविलास पासवान के बाद नीतीश कुमार के परिवार की भी सीधी राजनीतिक मौजूदगी हो जाएगी। अगर चिराग पासवान, तेजस्वी यादव और निशांत कुमार की तुलना की जाए तो तीनों की राजनीतिक यात्रा, अनुभव और विरासत अलग–अलग दिखाई देती है। तेजस्वी यादव काफी समय से सक्रिय राजनीति में हैं। वे 2015 में पहली बार विधायक बने और बिहार के उपमुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। अभी वे राज्य में विपक्ष के सबसे बड़े चेहरे माने जाते हैं। उनकी राजनीतिक ताकत उनके पिता लालू प्रसाद यादव की विरासत से जुड़ी है, जिन्होंने लंबे समय तक पिछड़े वर्ग और सामाजिक न्याय की राजनीति को मजबूत किया। हालांकि तेजस्वी यादव के सामने अपने पिता के दौर से जुड़ी विवादों और भ्रष्टाचार के आरोपों की राजनीतिक छाया भी रहती है, जिसे विपक्ष अक्सर मुद्दा बनाता है। इसके बावजूद उन्होंने अपने तरीके से युवा नेता के रूप में अलग पहचान बनाने की कोशिश की है। चिराग पासवान की राजनीतिक यात्रा भी अपने पिता रामविलास पासवान की विरासत से शुरू होती है। रामविलास पासवान देश की राजनीति के बड़े दलित नेता रहे और लंबे समय तक केंद्र की राजनीति में सक्रिय रहे। उनके निधन के बाद चिराग पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी की कमान संभाली। वे सांसद रह चुके हैं और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि उनकी पार्टी को कई बार राजनीतिक टूट और अंदरूनी संघर्ष का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद चिराग पासवान खुद को युवा और आक्रामक नेता के रूप में स्थापित करने की कोशिश करते रहे हैं। इसके मुकाबले निशांत कुमार की स्थिति अलग है। वे अब तक राजनीति से दूर रहे हैं और सार्वजनिक जीवन में भी कम ही दिखाई देते हैं। उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी उनके पिता नीतीश कुमार की छवि है, जो बिहार में लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे और विकास तथा सुशासन की राजनीति के लिए जाने जाते हैं। लेकिन निशांत कुमार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि वे बिना किसी राजनीतिक अनुभव के इस विरासत को कैसे आगे बढ़ाते हैं और क्या वे अपनी अलग पहचान बना पाते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह बदलाव बिहार की राजनीति में एक पीढ़ी परिवर्तन का संकेत भी है। जयप्रकाश आंदोलन से निकले नेताओं में नीतीश कुमार, लालू यादव और रामविलास पासवान लंबे समय तक बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे। अब धीरे–धीरे उनकी राजनीतिक विरासत अगली पीढ़ी के नेताओं के हाथों में जाती दिखाई दे रही है। तेजस्वी यादव और चिराग पासवान पहले से ही इस नई पीढ़ी के प्रमुख चेहरे बन चुके हैं। निशांत कुमार के राजनीति में सक्रिय होते ही यह तो साफ संकेत होगा कि बिहार की राजनीति में नेतृत्व का नया दौर शुरू हो रहा है। आने वाले वर्षों में राज्य की राजनीति में प्रतिस्पर्धा भी इन नई पीढ़ी के नेताओं के बीच ही देखने को मिल सकती है। कुल मिलाकर निशांत कुमार की संभावित एंट्री सिर्फ एक व्यक्ति का राजनीति में आना नहीं है, बल्कि यह बिहार की राजनीति में नेतृत्व के बदलाव का संकेत भी है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि वे राजनीति में कितनी सक्रिय भूमिका निभाते हैं और क्या वे चिराग पासवान और तेजस्वी यादव की तरह अपनी अलग राजनीतिक पहचान बना पाते हैं।

# बिहार में नीतीश युग का चौकाने वाला अंत


गुलफिशा खान

बीते दिनों बिहार की राजनीति में एक नया और बहुत बड़ा मोड़ आया। जिसकी उम्मीद दूर–दूर तक किसी ने भी नहीं की थी। गौरतलब है कि लंबे समय तक राज्य की सत्ता और राजनीति के केंद्र में रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब दिल्ली की राजनीति की ओर अग्रसर हो गए हैं। राज्यसभा जाने की उनकी इच्छा और उससे जुड़ी राजनीतिक हलचल ने बिहार में एक नई चर्चा शुरू कर दी है। जहां तक नीतीश कुमार का सवाल है तो करीब दो दशकों से बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार एक स्थिर और प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित रहे हैं। उन्होंने विकास, सुशासन और सामाजिक संतुलन की राजनीति के जरिए अपनी अलग पहचान बनाई। इसी वजह से जेडीयू की पहचान भी काफी हद तक उनके नाम से जुड़ी रही है। ऐसे में उनके दिल्ली जाने की संभावना पार्टी के भीतर एक स्वाभाविक सवाल खड़ा करती है कि आगे का नेतृत्व किसके हाथ में होगा। वैसे उनके बेटे निशांत कुमार का राजनीति में आना तय है। लेकिन राजनीति में आने के बाद क्या सीधे वे पार्टी का नेतृत्व करेंगे। यह कहना मुश्किल है। वहीं दूसरी ओर जेडीयू के भीतर कई ऐसे नेता हैं जो लंबे समय से पार्टी के साथ जुड़े हुए हैं और संगठन में मजबूत पकड़ रखते हैं। इनमें सबसे प्रमुख नाम संजय झा का माना जा रहा है। संजय झा को नीतीश कुमार का बेहद करीबी माना जाता है। संगठन और रणनीति दोनों स्तरों पर उनकी भूमिका अहम रही है। पिछले कुछ वर्षों में पार्टी के कई बड़े फैसलों और राजनीतिक संवाद में उनकी सक्रिय भागीदारी देखी गई है। इसलिए अगर संगठनात्मक नेतृत्व की बात आती है, तो संजय झा एक मजबूत विकल्प माने जा रहे हैं। हालांकि, पिछले कुछ दिनों में संजय झा दिल्ली में जायदा सक्रिए रहे है और उनकी नज़दीकिया भाजपा नेतावो से भी काफ़ी बढ़ी है। नीतीश कुमार के करीबी होने से पहले वो अरुण जेटली के खासे विश्वासपात्र थे और एक समय उन्हें भाजपा और जेडीयू के बीच का सेतु माना जाता था। दूसरा बड़ा नाम ललन सिंह का है, जो जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं और पार्टी के पुराने नेताओं में गिने जाते हैं। नीतीश कुमार पे पुराने मित्र भी है ललन जी। ललन सिंह का राजनीतिक अनुभव और संगठन में पकड़ उन्हें एक महत्वपूर्ण चेहरा बनाती है। हालांकि पिछले कुछ समय में पार्टी के भीतर समीकरण बदलते रहे हैं, फिर भी जेडीयू के बड़े नेताओं में उनका कद अब भी अहम माना जाता है। कई राजनीतिक जानकार मानते हैं कि अगर पार्टी को अनुभव और संतुलन चाहिए, तो ललन सिंह की भूमिका फिर से महत्वपूर्ण हो सकती है। इसी तरह बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी भी एक अहम चेहरा हैं। दलित राजनीति में उनकी मजबूत पकड़ और प्रशासनिक अनुभव उन्हें जेडीयू के भीतर प्रभावशाली नेता बनाता है। पिछले कुछ वर्षों में वे नीतीश कुमार के भरोसेमंद सहयोगियों में रहे हैं। सरकार और संगठन के बीच संतुलन बनाने में उनकी भूमिका भी अहम मानी जाती है। इसलिए भविष्य की राजनीति में उनकी भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जेडीयू में एक और महत्वपूर्ण नाम विजय चौधरी का भी है। विजय चौधरी लंबे समय से नीतीश कुमार के



करीबी सहयोगियों में गिने जाते हैं और पार्टी के सबसे अनुभवी नेताओं में उनकी गिनती होती है। वे कई महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री रह चुके हैं और विधानसभा में सरकार का पक्ष प्रभावी ढंग से रखने के लिए जाने जाते हैं। प्रशासनिक अनुभव, संगठन में पकड़ और नीतीश कुमार का भरोसा उन्हें जेडीयू के प्रमुख चेहरों में शामिल करता है। अगर भविष्य में पार्टी को स्थिर और अनुभवी नेतृत्व की जरूरत होती है, तो विजय चौधरी की भूमिका भी अहम हो सकती है। इन नामों के बीच एक और नाम की चर्चा धीरे–धीरे राजनीतिक गलियारों में सुनाई देने लगी है। यह नाम है नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार का। निशांत अब तक सक्रिय राजनीति से दूर रहे हैं और सार्वजनिक जीवन में बहुत कम दिखाई देते हैं। हालांकि समय–समय पर यह चर्चा जरूर होती रही है कि क्या वे कभी अपने पिता की राजनीतिक विरासत संभालेंगे। जेडीयू के कुछ नेताओं और समर्थकों का मानना है कि अगर भविष्य में पार्टी को ऐसा चेहरा चाहिए जो नीतीश कुमार की विरासत को आगे बढ़ा सके, तो निशांत कुमार एक विकल्प हो सकते हैं। फिलहाल सच यही है कि जेडीयू की असली ताकत अब भी नीतीश कुमार ही हैं। पार्टी का संगठन, उसकी रणनीति और उसका जनाधार काफी हद तक उनके नेतृत्व के आसपास ही बना हुआ है। इसलिए अगर वे दिल्ली की राजनीति में सक्रिय होते हैं, तो भी बिहार में उनका प्रभाव पूरी तरह खत्म नहीं होगा। संभव है कि वे दिल्ली से ही पार्टी की रणनीति तय करें और बिहार में उनके भरोसेमंद नेता संगठन और सरकार दोनों को संभालें।आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि जेडीयू इस संभावित बदलाव को कैसे संभालेगी। क्या पार्टी किसी एक नेता के हाथ में कमान देगी या फिर सामूहिक नेतृत्व का रास्ता चुनेगी। बिहार की राजनीति में यह बदलाव आने वाले समय में नए समीकरण भी बना सकता है। इतना तय है कि अगर नीतीश कुमार की राजनीति का केंद्र दिल्ली की ओर बढ़ता है, तो बिहार की राजनीति में एक नया अध्याय जरूर शुरू होगा। बिहार की राजनीति में इस वक्त सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री का पद छोड़कर राज्यसभा जाने का फैसला क्यों किया? कयासों के बीच, नीतीश कुमार के बेहद करीबियों से हुई बातचीत में इस बड़े फैसले की अंदरूनी परतें खुल रही हैं। नीतीश कुमार के करीबियों के अनुसार, इस फैसले के पीछे की सबसे बड़ी वजह उनका गिरता स्वास्थ्य है। हालांकि सवाल करने वाले ये भी कहेंगे कि इतिहास में कई मुख्यमंत्रियों ने खराब स्वास्थ्य के बावजूद सत्ता संभाली है, लेकिन नीतीश कुमार के मामले में स्थिति अलग है। वे एक गठबंधन सरकार चला रहे हैं जिसमें निरंतर सक्रियता की जरूरत होती है। अब नीतीश कुमार का स्वास्थ्य कितना खराब है और उसमें लगातार कितनी गिरावट आ रही थी इसका जवाब चंद लोगों के पास ही है। इस फैसले की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इसमें किसी की सलाह शामिल नहीं थी। उनके गृह क्षेत्र से आने वाले एक कुर्मी नेता, जो उनके बेहद खास माने जाते हैं, का कहना है कि यह फैसला पूरी तरह से नीतीश कुमार का व्यक्तिगत निर्णय है। यहां तक कि उनके साथ पिछले 25 वर्षों से साये की तरह रहने वाले दो नेताओं ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। ये नेता नीतीश के परिवार के सदस्य के समान हैं। बात यहां तक कही जा रही है कि नीतीश कुमार ने यह निर्णय ले कर अपने आप को बचाया है क्योंकि कैबिनेट और अन्य मीटिंग में भी कुछ समस्याएं आने लगी थीं। इन सबके बीच नीतीश कुमार ने अपने बाद बिहार में होने वाले राजनैतिक उथल–पुथल के बीच सत्ता के हस्तांतरण का लेखा जोखा तैयार कर रखा था और इसके लिए उनकी लगातार भाजपा नेतृत्व से बातचीत हो रही थी। भाजपा के साथ यह तय हो गया कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार पहले जदयू के सदस्य बनेंगे फिर वो विधानसभा या विधानपरिषद में आएंगे। मुख्यमंत्री बदलने की हालत में जदयू के दो उपमुख्यमंत्री होंगे। इसमें एक निशांत कुमार होंगे। यह भी तय हुआ कि भाजपा मुख्यमंत्री जिसे भी बनाए मगर उसमें नीतीश कुमार की सहमति जरूरी होगी। भले ही नीतीश कुमार राज्यसभा सांसद के रूप में दिल्ली जा रहे हों, लेकिन उनकी योजना दिल्ली में बसने की नहीं है। वे केवल संसद सत्र के दौरान ही दिल्ली जाएंगे और खराब स्वास्थ्य के आधार पर सदन से अनुपस्थिति की अनुमति भी ले सकते हैं। साल के 11 महीने वे पटना में ही रहेंगे, क्योंकि उनका पूरा सिस्टम यहीं जमा हुआ है। पटना में ज्यादा रहने का नीतीश कुमार का सबसे बड़ा कारण अपने बेटे निशांत कुमार को राजनीति की बारीकियां सिखाना और उन्हें उपमुख्यमंत्री के कामकाज के लिए तैयार करना है। साथ ही पटना में मौजूद रहकर वे एनडीए सरकार के कामकाज पर भी अपनी पकड़ बनाए रखेंगे। मगर सबसे बड़ा सवाल है कि अपने गिरते स्वास्थ्य की वजह से वो यह सब कितना कर पाएंगे।

# बालेन शाह नेपाल की नई उम्मीद!


शबाब हुसैन

रैपर से राजनेता बने बालेन शाह ने पूर्वी नेपाल के झापा–5 से प्रतिनिधि सभा के चुनाव में जीत हासिल की है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को बड़े अंतर से हराया, जिसे अगले प्रधानमंत्री पद की लड़ाई के रूप में देखा जा रहा था। हालांकि, मुकाबला पूरी तरह से एकतरफा रहा क्योंकि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार शाह को 68,348 वोट मिले, जबकि ओली को केवल 18,734 वोट मिले। ओली को नवागंतुक के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। शाह को मिले वोट 1991 के चुनावों के बाद से नेपाल के संसदीय चुनावों में अब तक के सबसे अधिक वोट हैं। वैसे यह पहली बार नहीं है कि यह पहली बार नहीं है जब कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (एकी.त मार्क्सवादी–लेनिनवादी) (सीपीएन–यूएमएल) के अध्यक्ष ओली को झापा में हार का सामना करना पड़ा है। 2008 में, माओवादी उम्मीदवार बिश्वादिप लिंगडेन ने उन्हें हरा दिया था, जब माओवादियों ने 2008 के नेपाल संविधान सभा चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल की थी। जब काठमांडू महानगरपालिका के पूर्व महापौर शाह ने ओली के पारंपरिक गढ़ झापा–5 से चुनाव लड़ने का फैसला किया, तो कई लोगों ने इस कदम पर सवाल उठाए थे, लेकिन अब, आरएसपी की चुनावी लहर ने इसका जवाब दे दिया है। गौरतलब है कि नेपाल में छह महीने पहले हुए 'जेन जेडश के विरोध प्रदर्शन और के पी शर्मा ओली की सरकार गिरने के बाद 5 मार्च को आम चुनाव हुए. इसमें जेन–जी की पसंद बालेन शाह ने पूर्व पीएम केपी ओली को पछाड़ दिया है। नेपाल का जनादेश एक मिलेनियल प्रधानमंत्री के लिए पूरी तरह तैयार है। बालेन शाह को बालेंद्र शाह के नाम से भी जाना जाता है। बालेन उन प्रदर्शनकारियों में से थे जो सितंबर 2025 में सड़कों पर उतरे थे और जिस जेन–जी आंदोलन के कारण उस समय की केपी शर्मा ओली सरकार को इस्तीफा देना पड़ा था। जानकार बताते हैं कि बालेन शाह एक फैंटम की तरह हैं। कोई भी उनके करीबी समूह में भी नहीं जानता कि वह कहां हैं, कहां होंगे, या उनकी क्या योजना है। जेन जी के लिए बालेन शाह की छवि एक मसीहा की है। नेपाल के जेन–जी प्रदर्शन के दौरान बालेंद्र शाह उभरकर निकले थे। इस आंदोलन के बाद से उन्हें युवाओं के नेता के तौर पर देखा जाने लगा। 27 अप्रैल, 1990 को काठमांडू में जन्मे बालेन शाह एक स्ट्रक्चरल इंजीनियर से रैपर बने। बाद में उन्होंने राजनीति में एंट्री ली, और 2022 में शहर के 15वें मेयर बने। अधिकारियों पर सवाल उठाने वाले अपने रैप म्यूजिक और सोशल मीडिया पर मौजूदगी के जरिए, वह पहले से ही एक राष्ट्रीय हस्ती थे। उनके आगे बढ़ने में स्ट्रीट लेवल का करिश्मा, सोशल–मीडिया पर उनकी पकड़ और नेपाल की पुरानी राजनीतिक व्यवस्था को बदलने का वादा शामिल था। मेयर के तौर पर, उन्होंने दिखने वाले, नतीजे देने वाले प्रोजेक्ट्स, भ्रष्टाचार विरोधी भाषण और एक व्यवहारिक अप्रोच पर जोर दिया, जिसने सोशल मीडिया और जमीनी स्तर की राजनीति में अच्छा प्रदर्शन किया। एक नॉन–करियर राजनेता के तौर पर उनके बैकग्राउंड ने उन्हें एक बाहरी रिफॉर्मर के तौर पर अपनी जगह बनाने में मदद की। अपने मेयर के कार्यकाल के बीच में ही इस्तीफा देने के बाद, बालेन का राजनीतिक सफर काठमांडू से आगे बढ़ा। वह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हुए और बगावत के बाद के राजनीतिक माहौल में एक जानी–मानी आवाज बनकर उभरे। उन्होंने आर्थिक रिफॉर्म, युवा रोजगार, और ब्रेन ड्रेन रोकने के लिए अभियान चलाया। बालेन के बारे में लोगों का मानना है कि वह नेपाल की पॉलिसी और पॉलिटिक्स को बदल सकते हैं। उनका कहना



है कि बालेन, प्रधानमंत्री के काम को मेयर से आसान मानते हैं, क्योंकि मेयर को बदलाव लागू करने के लिए कई मंजूरियों की जरूरत होती है। उन्हें शायद यह एहसास हो कि नए ऑफिस में, अगर वह सच में इसे संभालते हैं, तो मंजूरी ज्यादा लोगों, यानी नेपाल के लोगों से लेनी होगी। पॉलिटिक्स में आने से पहले, बालेन नेफ़ॉप (नेपाली हिप–हॉप) में एक जाने–माने रैपर थे। उन्होंने पॉलिटिकल रैप परफॉर्म और प्रोड्यूस किया, जिससे युवा नेपालियों के बीच उनकी एक पहचान बनी। उन्होंने साल 2022 में इंडिपेंडेंट कैंडिडेट के तौर पर चुनाव लड़ा था और मेयर का चुनाव बहुत बड़े अंतर से जीता था। इस पद हासिल करने वाले वो पहले इंडिपेंडेंट कैंडिडेट बने थे। 35 साल के बालेन का इंडिया से भी एक खास कनेक्शन है। दरअसल उन्होंने भारत के विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। यहां से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ़ टेक्नोलॉजी की डिग्री हासिल की है। साथ ही बेंगलुरु में निट्टे मीनाक्षी इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी से भी पढ़ाई की है। काठमांडू में हिमालयन व्हाइटहाउस इंटरनेशनल कॉलेज से सिविल इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ़ इंजीनियरिंग करने के बाद आगे की पढ़ाई के लिए बालेन शाह भारत आ गए थे।

# बालेन शाह से नेपाल को ढेर सारी उम्मीदें

यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल का चुनाव परिणाम दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है, जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझ कर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की दृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है, जहां उनमें पलायन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रभावशाली लोगों के बच्चों तक ही सीमित सुख और अय्याशी पूर्ण जीवनशैली के खिलाफ आग धधक रही थी, जिसकी लपटों में नेपाल की एक से एक पुरानी पार्टियां जलकर राख हो गईं। नेपाल से कम्युनिस्ट पार्टियों का खात्मा भारत के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है। सत्ता में आ रही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को शहरी प्रभाव वाली पार्टी कहकर इसके सीमित क्षेत्रों तक सिमटने और 4 बार के प्रधानमंत्री ओली को धूल चटाते हुए ऐतिहासिक मतों के अंतर से जीते काठमांडू के पूर्व मेयर और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री का चेहरा रहे बालेन शाह को कड़े मुकाबले में फंसना बताया जा रहा था। राजनीतिक विश्लेषकों के सारे के सारे अनुमान धरे के धरे रह गए। चुनाव नतीजों में हर क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को मिल रही शानदार बढ़त से यह साफ हो गया है कि राजशाही खत्म होने के बाद नेपाल को पहली बार पूर्ण बहुमत की सरकार नसीब होने जा रही है। पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने ने बालेन शाह को पार्टी में शामिल होते ही प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया था। रवि लामी नई सरकार में गृहमंत्री होंगे, यह भी तय है। सरकार गठन के पूर्व उन्होंने राजनीतिक दलों से 40 साल का हिसाब लेने का बयान देकर पुराने राजनीतिक दलों में खलबली मचा दी है। उनका यह बयान भ्रष्टाचार के विरुद्ध खुली जंग के ऐलान के रूप में देखा जा रहा है। ओली सरकार में बहुत कम दिनों तक गृहमंत्री रहे रवि लामी छाने की छवि एक सख्त गृहमंत्री की उभर कर जनता के सामने आई थी। उन्होंने एक से एक राजनीतिक भ्रष्टाचार को उजागर कर जनता में अपनी छवि ईमानदार नेता की बना ली थी। अमरीकी पृष्ठभूमि के रवि लामी छाने का रुख भारत के प्रति कैसा होता है यह देखना दिलचस्प होगा। हालांकि पार्टी के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह ने चुनाव परिणाम में पार्टी की बढ़त के बीच काठमांडू में मीडिया के सवालों के जवाब में साफ कहा कि भारत से मधुर संबंध को लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है। उसे साथ लेकर नेपाल को आगे बढ़ाएंगे। लेकिन बालेन शाह हैं तो चीन के खिलाफ लेकिन भारत के प्रति उनके रुख को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है क्योंकि बतौर मेयर उनका अपने कक्ष में ग्रेटर नेपाल का लगाया मानचित्र भारत को खटकता रहा, क्योंकि इस नक्शे में भारत के कई इलाकों को नेपाली भू–क्षेत्र दर्शाया गया है। खैर अब वह एक ऐसे राष्ट्र के प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं, जिसका संबंध भारत से केवल खानापूर्ति जैसा नहीं, दोनों के बीच रोटी–बेटी का सदियों पुराना रिश्ता तो है ही, दोनों देश भौगोलिक, रीति–रिवाज और सांस्कृतिक सभ्यता की दृष्टिकोण से भी एक–दूसरे से जुड़े हैं। बालेन शाह से नेपाल के युवाओं और महिलाओं को काफी उम्मीदें हैं। वे जेन जी आंदोलन का प्रमुख चेहरा थे। आज उनकी इस बात को लेकर तारीफ हो रही है कि जो शख्स नेपाल की दुश्वारियों को भांप कर सरकार अपदस्थ करने का माद्दा रखता हो, उसके द्वारा सरकार चलाने में किसी संशय की गुंजाइश नहीं है। बालेन शाह सरकार के कामकाज के तरीकों पर दुनिया की नजर रहना स्वाभाविक है। इस पार्टी के दो प्रमुख चेहरे बालेन शाह और रवि लामी छाने की कोई लंबी राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। बालेन शाह इंजीनियर और रैपर रहे हैं जबकि रवि लामी छाने की पहचान एक पत्रकार की रही है। 2022 के चुनाव में उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का गठन किया, चुनाव लड़े और 20 सीटों पर धमाकेदार जीत दर्ज की। बालेन शाह काठमांडू के युवाओं में खासा लोकप्रिय थे, निर्दलीय चुनाव लड़े और काठमांडू का मेयर बन गए। एक मेयर से नेपाल का प्रधानमंत्री बनने जा रहे बालेन शाह का जन्म एक साधारण शिक्षक परिवार में हुआ था। पढ़ाई इस स्तर की थी कि वह 2–4 लाख रुपए महीने की नौकरी कर अच्छा जीवन बिता सकते थे लेकिन उन्हें सनक थी संपूर्ण नेपाल की जीवनशैली सुधारने की। नेपाली जनता ने उन्हें यह मौका दे दिया है। अब नेपाल को तरक्की की ओर ले जाने की जिम्मेदारी उनकी है।

## मिश्रिख नैमिशारण्य होली परिक्रमा मेला महोत्सव का शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। विश्व प्रसिद्ध नैमिषारण्य क्षेत्र में आयोजित होली परिक्रमा मेला महोत्सव का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, मिश्रिख विधायक राम.ष्ण भार्गव, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल, नगर पालिका अध्यक्ष सीमा भार्गव, जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर तथा पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने विधिवत पूजन–अर्चन और दीप प्रज्वलित कर किया।



शुभारंभ अवसर पर पूजन–अर्चन की विधि तीर्थ पुरोहित राहुल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराई। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आशा बहुओं को सम्मानित भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीमारियों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए जादूगर के माध्यम से रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसे लोगों ने काफी सराहा। कार्यक्रम में आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। मेला परिसर में स्वयं सहायता समूह, .षि विभाग, वन विभाग और स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए। इसके अलावा जिला कारागार में बंद बंदियों द्वारा बनाए गए मिट्टी के बर्तन, अचार और सब्जियों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनी रही। प्रभारी मंत्री सहित सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रतिभागियों की सराहना की। बताया गया कि मिश्रिख महोत्सव का आयोजन तीन दिनों तक चलेगा। इस दौरान देश के जाने–माने भजन गायक, फिल्मी कलाकार तथा कवि अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जिससे श्रद्धालुओं और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन होगा।

## घर में घुसकर युवक पर हमला, लाठी-डंडों से मारपीट में घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

किरतपुर, बिजनौर ।घर में घुसकर एक युवक पर लाठी—डंडों व धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजन थाने ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक कुमार बुधवार शाम करीब 6.30 बजे अपने घर पर परिवार के साथ बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान कुछ महिलाएं और बच्चे घर का मुख्य दरवाजा खोलकर अंदर आ गए। बताया जाता है कि शोर—शराबा होने पर गांव के ही तसलीम, नानू, फरमान उर्फ चुनवा और अहमद रजा भी वहां पहुंच गए। आरोप है कि सभी लोग घर में घुसकर गाली—गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने कथित तौर पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए दीपक कुमार पर लाठी—डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में दीपक कुमार गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घायल को वाहन से थाने ले जाकर पुलिस को पूरी जानकारी दी। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## बीच-बचाव करने पर युवक की पिटाई, इलाज के दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना, बिजनौर। होली के मौके पर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में बीच—बचाव करने पहुंचे एक युवक की पिटाई कर दी गई। गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार तीन मार्च की शाम ग्राम बूढ़ावाला में निहाल और उसका पुत्र नेतराम होली की मस्ती में आपस में झगड़ रहे थे। उसी समय गांव निवासी गजराज एक दुकान से सामान लेने जा रहा था। रास्ते में पिता—पुत्र को झगड़ते देख वह बीच—बचाव के लिए रुक गया। आरोप है कि गजराज के हस्तक्षेप करने से नाराज होकर निहाल, नेतराम और उनके अन्य परिजनों ने मिलकर गजराज की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट में गजराज गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए रात में नगीना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बिजनौर रेफर कर दिया। बताया गया कि बाद में परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए ऋषिकेश ले गए, जहां शनिवार सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। गजराज की मृत्यु के बाद परिजन शव को एंबुलेंस से नगीना के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मामले में पीड़ित पक्ष से तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मां का शव लेने पहुचे युवक से मारपीट का आरोप, सीसीटीवी में घटना कैद

न्यूज वाणी ब्यूरो

किरतपुर, बिजनौर। मां का शव लेने आश्रम पहुंचे युवक और उसके ससुर के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित आशीष कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन प्राची की शादी वर्ष 2013 में योगेश के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही किसी बात को लेकर उसका अपने बहनोई योगेश और बहन प्राची से विवाद हो गया था, जिसके बाद से उसका उनके घर आना—जाना बंद हो गया था। आरोप है कि चार फरवरी 2026 को उसकी माता माया देवी का बीमारी के चलते फुलसंदा आश्रम में निधन हो गया था। उसी दिन सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह अपने ससुर नेपाल सिंह के साथ आश्रम पहुंचा था, ताकि मां का शव घर ले जा सके। पीड़ित का आरोप है कि आश्रम के बाहर पहले से मौजूद योगेश और प्राची ने उसे देखते ही गाली—गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने उसके और उसके ससुर के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। आशीष कुमार का कहना है कि यह पूरी घटना आश्रम के गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसकी फुटेज भी सुरक्षित कर ली गई है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सिधौली और अटरिया में गुटखा सिंडिकेट का आतंक

### – दोगुने दामों पर बिक रहा जहर, प्रशासन मौन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, अटरिया (सीतापुर)। जनपद के सिधौली कोतवाली क्षेत्र और अटरिया कस्बे में इन दिनों पान मसाला और गुटखे की कालाबाजारी ने आम जनमानस की जेब पर डकैती डालनी शुरू कर दी है। थोक विक्रेताओं और डिस्ट्रीब्यूटर्स की मनमानी इस



कदर बढ़ गई है कि चंद दिनों के भीतर ही गुटखे के दामों में 80 से 100 प्रतिशत तक का उछाल आ गया है। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार विभाग और स्थानीय प्रशासन इस खुली लूट से आंखें मूंदे बैठा है। दोगुने रेट की माररू फुटकर दुकानदार और शौकीन पस्त बाजार से मिल रही जानकारी के अनुसार, थोक व्यापारियों ने एक सोची—समझी साजिश के तहत .त्रिम किल्लत पैदा कर दी है। राजश्री जो पैकेट कुछ दिन पहले 130 से 140 में मिल रहा था, आज थोक दुकानदार उसे 250 में बेच रहे हैं। दिलबाग 130 वाला पैकेट सीधा 240 के पार पहुंच गया है। फुटकर दुकानदारों का कहना है कि उन्हें मजबूरन ऊंचे दामों पर माल खरीदना पड़ रहा है, जिसके कारण वे ग्राहकों से दोगुनी कीमत वसूलने को विवश हैं। सड़कों के किनारे गुमटी लगाने वाले छोटे व्यापारियों का कहना है कि मलाई बड़े एजेंसी धारक खा रहे हैं और बदनामी हमारी हो रही है। जब फुटकर विक्रेता रेट बढ़ने का कारण पूछते हैं, तो एजेंसी धारक सीधे पल्ला झाड़ते हुए कंपनी द्वारा रेट बढ़ाए जाने का झूठा हवाला देते हैं लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या रातों—रात कंपनियों ने दाम दोगुने कर दिए? या फिर यह स्थानीय स्टॉकहोल्डर्स का सिंडिकेट है जो मोटा मुनाफा कमाने के लिए आम जनता का खून चूस रहा है? यह सीधे तौर पर आर्थिक शोषण है। प्रशासन को तत्काल इन गोदामों पर छापेमारी करनी चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। एक आक्रोशित स्थानीय नागरिक आक्रोश में जनता, ठप है प्रशासनिक मशीनरी कालाबाजारी के इस खेल से गुटखा शौकीनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। वहीं, प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। क्या सिधौली और अटरिया के इन रसूखदार व्यापारियों को संरक्षण प्राप्त है? आखिर क्यों अभी तक विधिक कार्रवाई या स्टॉक की जांच नहीं की गई?

# एक बेटी की पुकार संगोष्ठी में दहेज प्रथा के खिलाफ उठी आवाज

## - समाज को जागरूक करने का लिया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक बेटी की



पुकार दहेज रूपी अभिशाप से मुक्ति की ओर एक संकल्प विषय पर संगोष्ठी का आयोजन संगम पैलेस, बवेडी गाजीपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर अंजली, आकांक्षा, शिखा, प्रियंका और ऐंजल ने दहेज प्रथा के खिलाफ एक प्रभावशाली एकांकी प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। संगोष्ठी में आस्था पटेल ने दहेज प्रथा को समाज के लिए गंभीर अभिशाप बताते हुए इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं डॉ. रितु श्रीवास्तव ने कहा कि जब पूरा विश्व महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब भी दहेज जैसी कुरीतियाँ बेटियों के सम्मान और जीवन के लिए चुनौती बनी हुई हैं। आद्या सिंह ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए बताया कि देश में हर वर्ष हजारों महिलाएं दहेज से जुड़ी हिंसा और उत्पीड़न की शिकार होती हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष लगभग 6 हजार से अधिक महिलाओं की मृत्यु दहेज संबंधी घटनाओं में हो जाती है, जबकि प्रतिदिन औसतन 18 से 20 महिलाओं की जान दहेज की लालच के कारण चली जाती है। मुख्य अतिथि डॉ. दीप्ति सिंह ने कहा कि बेटियों की शिक्षा और आत्मनिर्भरता ही इस समस्या के समाधान की सबसे महत्वपूर्ण कुंजी है। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद गाजीपुर की चेयरमैन सरिता अग्रवाल ने कहा कि जब तक समाज की हर बेटी को सम्मान और सुरक्षा नहीं मिलेगी, तब तक महिला सशक्तिकरण की कल्पना अधूरी रहेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि न तो दहेज लेंगे और न दहेज देंगे तथा समाज में इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम का संचालन जयति और संजीव ने संयुक्त रूप से किया, जबकि प्रभात सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विदेश नीति में शर्मसार व खुद के कारनामों से लाचार मोदी : शिवप्रकाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। ईरान और इजरायल अमेरिका में चल रहे युद्ध के चलते विश्व पटल पर चारों तरफ हो रही चर्चाओं में अपने भारत की दयनीय स्थिति एक सोचनीय प्रश्न है। यह बात किसान मंच राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही है। उन्होंने कहा कि इस समय शीर्ष पर विराजमान जिम्मेदार अपने खुद के काले कारनामों को छुपाने के कारण अमेरिका और इजरायल के सामने कुछ इस तरह निरुत्तर हो चुके हैं कि समस्त देशवासियों को शर्म शारिता के दल—दल में ढकेल कर अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा दिए जा रहे आदेशों के पालन हेतु बंधक बना दिया है। अपने प्रधानमंत्री के इजरायल दौरे के तुरंत बाद ईरान पर हमला इस बात का प्रमाण है कि हमेशा भारत का साथ देते आए ईरान के साथ भारत ने विश्वासघात किया है। यह कैसी विडम्बना है कि हम सभी के रहनुमा अपने उत्तर दायित्वों में निरुत्तर होकर अमेरिकी राष्ट्रपति के आदेशों का पालन करने के लिए विवश है, प्रकरण चाहे विगत दिनों भारत और पाकिस्तान के बीच हुए कथित युद्ध विराम का हो या हमेशा मित्र रहे रुस से आयात का या फिर अमेरिका द्वारा लगाए गए असीमित निर्यात टैक्स का? आज की यह दयनीय स्थिति पूर्व के सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों द्वारा अपनाई गई विदेश नीति के विपरीत क्यों है? देशवासियों के लिए यह एक ऐसा सोचनीय प्रश्न बन चुका है जिसकी जवाबदेही में वर्तमान के सत्ता सीन जिम्मेदारों को आने वाले दिनों में हर हालत में परिणाम भुगतना होगा।



# बेटी नीतू वर्मा राष्ट्रीय नारी रत्न सम्मान से सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर देश की राजधानी दिल्ली के साई गार्डन में आयोजित एक भव्य राष्ट्रीय समारोह में जनपद की प्रतिभाशाली सामाजिक कार्यकर्ता



नीतू वर्मा को राष्ट्रीय नारी रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा, सामाजिक सेवा और मानवीय सहयोग के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविंदर इंद्राज सिंह ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। समारोह का आयोजन बाल युवा नारी जागृति मंच, दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से चयनित प्रतिभाशाली महिलाओं को उनके उत्ष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जनपद के सिधौली क्षेत्र की निवासी नीतू वर्मा का जीवन संघर्ष, परिश्रम और सेवा भावना का प्रेरणादायी उदाहरण है। साधारण किसान परिवार में जन्मी नीतू वर्मा के पिता एक मेहनती किसान हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपने जीवन को समाज सेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने शिक्षाविद् एवं समाजसेवी आरडी वर्मा (गुरुजी) द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद सामाजिक सेवा संस्थान से निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की और अपने अथक प्रयासों के बल पर आज ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। नीतू वर्मा गुरुजी आरडी वर्मा के विचारों से अत्यंत प्रेरित हैं। विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि जिस संस्थान से उन्होंने शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को नई दिशा दी, आज उसी संस्थान से जुड़कर वे आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। वे संस्थान को आर्थिक और शारीरिक सहयोग प्रदान करने के साथ ही निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भी करती हैं, जिससे अनेक युवाओं को अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा मिल रही है। सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी संवेदनशीलता केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है। नीतू वर्मा समय—समय पर रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता करती रही हैं, जिसके कारण उन्हें रक्त वीरांगना के नाम से भी जाना जाता है। इसके अलावा वे दुर्घटना के शिकार मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने से लेकर आर्थिक सहायता पहुंचाने तक अनेक मानवीय कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। यह राष्ट्रीय सम्मान न केवल नीतू वर्मा के व्यक्तिगत परिश्रम, समर्पण और सेवा भावना का सम्मान है, बल्कि पूरे जनपद और सिधौली क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय है। उनका जीवन संघर्ष और समाज सेवा की भावना आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर व कैंडल रैली का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, लहरपुर। जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार व अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सी.डी.)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लहरपुर क्षेत्र के बेहड़ा कोदहरा गांव में विधिक जागरूकता शिविर एवं कैंडल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी रहमत अंसारी, उर्मिला तथा आशुतोष शुक्ला द्वारा किया गया। रहमत अंसारी ने महिलाओं को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय संविधान महिलाओं को समानता, सम्मान और गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनों जैसे गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम 1971, गर्भाधान पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम 1994, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 तथा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 के बारे में विस्तार से बताया। उर्मिला ने उपस्थित महिलाओं को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च 2026 के बारे में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। साथ ही उन्होंने शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, महिला सामर्थ्य योजना, मिशन शक्ति, रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना, भाग्यलक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व वंदना योजना तथा शादी अनुदान योजना की जानकारी भी दी। महिलाओं और बच्चियों को बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या अन्याय की स्थिति में वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकती हैं। साथ ही उन्हें महिला हेल्पलाइन 181 एवं 1090 की जानकारी देते हुए अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, अन्य महिलाओं को भी जागरूक




करने के लिए प्रेरित किया गया। जागरूकता शिविर एवं कैंडल रैली के माध्यम से महिलाओं और बच्चियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।

# मौलाना सलीम के विवादित बोल पर भड़के हिंदू संगठन, फूंका पुतला

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, लखनऊ। बिहार की



राजधानी पटना में आयोजित एक धार्मिक सभा से शुरू हुआ विवाद अब उत्तर प्रदेश की सीमाओं में आग की तरह फैल गया है। मौलाना अब्दुल्ला सलीम द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को लेकर की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी ने सूबे के सियासी और सामाजिक माहौल को गरमा दिया है। इस बयान के विरोध में हिंदू सुरक्षा सेवा संघ ने शहर की सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और मौलाना के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे एक वीडियो के अनुसार, यह मामला रमजान के दौरान का बताया जा रहा है। वीडियो में मौलाना अब्दुल्ला सलीम उत्तर प्रदेश में गौहत्या के खिलाफ बने कड़े कानूनों की आलोचना कर रहे थे। इसी दौरान, हिंदू आस्था में गाय को श्मांश मानने की परंपरा पर तंज कसते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता जी का जिक्र किया। मौलाना ने यह भी आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में अगर किसी के पास गाय का मांस मिल जाता है, तो पुलिस उसे सीधे गोली मार देती है। सड़कों पर उतरे हिंदू संगठन बयान का वीडियो सामने आने के बाद सीतापुर में हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनूप खेतान के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। कार्यकर्ताओं ने शहर के मुख्य बाजार से लेकर लालबाग चौराहे तक पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने मौलाना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चौराहे पर उनका पुतला फूंक कर अपना विरोध दर्ज कराया। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि मौलाना के खिलाफ तत्काल और कठोर दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो यह आंदोलन पूरे प्रदेश में फैलाया जाएगा। यह केवल सीएम का नहीं, सनातन धर्म का अपमान है विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अनूप खेतान ने कड़े शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर की गई अभद्र टिप्पणी असहनीय है। उन्होंने कहा कि यह बयान केवल एक मुख्यमंत्री के खिलाफ नहीं, बल्कि भारत की संत परंपरा और संपूर्ण सनातन धर्म का अपमान है। ऐसी मानसिकता समाज में वैमनस्य फैलाने का काम करती है। बढ़ता तनाव और शांति की अपील इस घटना के बाद उत्तर प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी तनाव की स्थिति बनी हुई है। सोशल मीडिया पर लोग दो धड़ों में बंटे नजर आ रहे हैं। जहां एक ओर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग उठ रही है, वहीं दूसरी ओर सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों ने लोगों से शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है ताकि प्रदेश की कानून—व्यवस्था प्रभावित न हो।

## सपा शिक्षक सभा ने मनाया होली मिलन कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। कटरा खुदागंज मार्ग पर स्थित एस के मैरिज हॉल में समाजवादी शिक्षक सभा के होली मिलन कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश यादव रोशन लाल वर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र के आए कलाकारों ने होली गीत गाकर उपस्थित सपा कार्यकर्ताओं का मनोरंजन कराया। इस दौरान होली चौपाई गीत गाने वालों को पूर्व विधायक राजेश यादव ने शुभकामनाएं देते हुए नजराना पेश किया। इस दौरान पूर्व एमएलसी अमित यादव रिंकू महानगर अध्यक्ष रामकुमार भोजवाल रोहित बहल राम बहादुर गुप्ता रामसागर यादव शाहनवाज खान उर्फ राजा नेम बाग सभासद अजीम खान पुनीत गुप्ता राधेश्याम यादव पप्पू यादव नंदकिशोर मिश्रा शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष विनोद यादव विकास यादव प्रेम यादव एडवोकेट अमरपाल सिंह यादव सुरेंद्र पाल सिंह यादव प्रभात कुमार पांडेय राजेंद्र पाल सिंह बदन सिंह सहित बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के ग्रामीण नागरिक मौजूद रहे।



## श्री 1008 चन्द्रप्रभु भगवान का गर्भ कल्याणक महामहोत्सव मनाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर नानौता में आर्यिका श्री 105 कुमुदमती माताजी के सानिध्य में प्रातःकाल 7 बजे छोटे—छोटे बच्चों ने इंद्र बनकर श्रीजी का अभिषेक व शांतिधारा की व जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर देवाधिदेव श्री 1008 चन्द्रप्रभु भगवान का गर्भ कल्याणक महामहोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। आर्यिका श्री 105 कुमुदमती माता द्वारा कल ही जैन पाठशाला के छोटे बच्चों को आज के दिन अभिषेक में आने के लिए आमंत्रित किया गया था। अभिषेक के उपरांत बच्चों का उत्साह वर्धन व धर्म प्रभावना करने हेतु माताजी द्वारा बच्चों को उपहार दिए गए। उपहार श्रीमति सरोज जैन एवं अजय जैन (बॉबी) द्वारा वितरित किये गए। अभिषेक करने वालों में मुख्यतः बच्चों में भव्यम जैन, मनन जैन, अरिहंत जैन व सिद्ध जैन उपस्थित रहे व वयस्कों में मनोज जैन, पंकज जैन, अजय जैन (बॉबी), अभिषेक जैन, शुभव जैन, हर्ष जैन उपस्थित रहे। मंदिर जी में अनिल जैन, जिनेंद्र जैन (काकू), अतिशय जैन (रोबिन), सुभाष जैन, राजेश जैन, दीपक जैन, संजीव जैन, शुभम जैन, नितिन जैन, अंकित जैन, संदीप जैन, अर्चना जैन, स्वीटी जैन, रीमा जैन, रैना जैन, जूही जैन, पम्मी जैन, जूली जैन, सरोज जैन, मंजू जैन, रेणु जैन, प्रियंका जैन, रेखा जैन, पूजा जैन, प्रवेश जैन आदि रहे।



# प्रशासन की पहल पर अंबेडकर पार्क के लिए जमीन चिन्हित

## – मूर्ति स्थापना का रास्ता साफ

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। मोहम्मदाबाद इलाके के चकपहाड़ उर्फ महरूरपुर गांव में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर उठे विवाद का सुखद समाधान निकल आया है। प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मध्यस्थता के बाद अब वहां विधिवत रूप से अंबेडकर पार्क बनाने का निर्णय लिया गया है। यह पूरा मामला शुक्रवार आधी रात का है, जब अनुसूचित समाज के लोगों ने गांव की आराजी संख्या 179 (रकुबा 0.0890 हेक्टेयर) स्थित बंजर भूमि पर बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित कर दी थी। इसकी शिकायत कुछ ग्रामीणों द्वारा किए जाने के बाद प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया। रविवार को



तहसीलदार महेंद्र बहादुर भारी पुलिस बल और पीएसी के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान भाजपा नेता दिनेश वर्मा, पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष गुलाब राम और रामजी गिरी भी वहां मौजूद थे। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें आश्वस्त किया कि प्रतिमा की स्थापना पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए की जाएगी। बातचीत के बाद यह सहमति बनी कि ग्राम पंचायत की भूमि प्रबंधन समिति इस बंजर भूमि को अंबेडकर पार्क बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर राजस्व अधिकारियों को सौंपेगी। इसके बाद इस जमीन को खतौनी में श्अंबेडकर पार्कश के नाम दर्ज कराया जाएगा। नियमों के अनुसार पार्क के निर्माण के बाद वहां प्रतिमा स्थापित की जाएगी। भाजपा नेता दिनेश वर्मा ने कहा कि अंबेडकर जयंती से पहले इस कानूनी प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा ताकि जयंती के दिन प्रतिमा का अनावरण हो सके। प्रशासन से मिले ठोस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सहमति जताते हुए प्रतिमा को वहां से हटाकर फिलहाल एक सुरक्षित स्थान पर रख दिया है। मौके पर हलका लेखपाल अमित कुमार, प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी, थाना प्रभारी भंवरकोल संतोष राय समेत भारी पुलिस बल और पीएसी के जवान तैनात रहे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

फैसल चश्में वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है। नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।

नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

फैसल चश्में वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P

हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी
सम्पादक कारवाने हक
9415065213

एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

# राष्ट्रीय स्वयं संघ का होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज, धानेपुर। मां काली स्थान पर नगर व मुजेहना खंड के स्वयं सेवकों ने होली का कार्यक्रम गुलाल लगाते हुए पुष्प वर्षा करते हुए संपन्न कराया। कार्यक्रम के मुख्य संचालक राम प्रकाश ने बताया कि आपसी



सौहार्द मुलाकात व एक दूसरे से दिलों से मिलने का अच्छा अवसर साल में एक बार मिलता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संत श्री छोटे बाबा सोनबरसा धाम के उपस्थित रहे। स्वयं सेवक धर्म प्रकाश ने दशा व दिशा बेहतर करने के लिए अपने वक्त से संबोधन किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मुनेंद्र शर्मा अनुज मिश्रा मुकेश मिश्रा उमेश तिवारी सतीश तिवारी कमलापति गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# साइबर क्राइम पुलिस ने चलाया जागरुकता कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। राष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी के कुशल व नारायण दत्त मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम रणजीत यादव, उप निरीक्षक दिनेश यादव, उप निरीक्षक महेंद्र कुमार यादव ने बड़ी बेरिया माता मन्दिर में साइबर




जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 200–250 स्थानीय नागरिकों को मोबाइल फोन एवं सोशल मीडिया आईडी की सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित जनसमूह को निम्न बिंदुओं पर विशेष रूप से जागरूक किया गया सोशल मीडिया खातों में टू–स्टेप वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से सक्रिय करना, मोबाइल फोन एवं महत्वपूर्ण एप्लीकेशनों में मजबूत एवं जटिल पासवर्ड का उपयोग करना, अज्ञात स्रोतों से प्राप्त लिंक एवं एपीके फाइल्स को डाउनलोड या ओपन न करना, साइबर ठगी, फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाले धोखाधड़ी से सतर्क रहना इसके अतिरिक्त सभी को अवगत कराया गया कि यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड की घटना घटित होती है तो तत्काल नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को साइबर सुरक्षा संबंधी उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त निर्देशों से भली–भांति अवगत कराते हुए डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

# सशस्त्र सीमा बल ने फिट इंडिया कार्निवल व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। देश की सीमाओं की सुरक्षा के साथ–साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में अग्रणी भूमिका निभाने वाली 59 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा 06 मार्च से 08 मार्च तक वाहिनी मुख्यालय नानपारा तथा अधीनस्थ समस्त सीमा चौकियों पर फिट इंडिया कार्निवल एवं



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, फिटनेस को प्रोत्साहित करना तथा महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा। फिटनेस एवं खेल गतिविधियाँ कार्यक्रम के दौरान हम फिट तो इंडिया फिट के संकल्प को साकार करते हुए जवानों, अधिकारियों तथा स्थानीय नागरिकों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं, फिटनेस गतिविधियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से युवाओं और आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वाहिनी मुख्यालय में संदीक्षा की सदस्याओं के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर महिला कार्मिकों एवं सीमावर्ती क्षेत्र की महिलाओं को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। अधीनस्थ सीमा चौकियों पर तैनात जवानों द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के बीच जाकर फिटनेस, स्वास्थ्य और महिला सम्मान से जुड़े संदेशों का प्रचार–प्रसार किया गया। इस पहल से सशस्त्र सीमा बल और सीमावर्ती नागरिकों के बीच विश्वास, सहयोग और सहभागिता की भावना और अधिक सुढ़ृ हुई। कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्ृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति एवं प्रोत्साहन प्रदान किया गया।

# मुंबई में ओला कैब चालक की हत्या, युवक का शव झाड़ियों में मिला

न्यूज वाणी ब्यूरो /शेरकोट, बिजनौर। मोहल्ला खुराड़ा निवासी एक युवक की मुंबई में हत्या कर दी गई। युवक करीब तीन माह पहले रोजगार की तलाश में मुंबई गया था और वहां ओला कैब चलाकर परिवार का पालन–पोषण कर रहा था। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मोहल्ला खुराड़ा निवासी शहनवाज ने बताया कि उसका छोटा भाई 22 वर्षीय नासिर पुत्र सलामतुल्ला पांच भाइयों में सबसे छोटा था। वह करीब तीन महीने पहले काम की तलाश में मुंबई गया था, जहां वह ओला कैब चला रहा था। बताया गया कि बृहस्पतिवार को उसे टीटवाला से पुणे जाने के लिए ऑनलाइन बुकिंग मिली थी। दोपहर करीब तीन बजे वह सवारी लेकर पुणे के लिए रवाना हुआ था। परिजनों के अनुसार, मुंबई में ही रह रहे उसके भाई आमिर ने जब नासिर से संपर्क करने की कोशिश की तो उसका मोबाइल बंद मिला। इसके बाद जीपीएस के जरिए तलाश करने पर शुक्रवार को उसकी कार पुणे रोड पर लावारिस हालत में खड़ी मिली। कार के अंदर खून के धब्बे और एक चाकू भी पड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के इलाके में तलाश अभियान चलाया, जिसके बाद शनिवार देर शाम पुणे के पास जुनर घाट के समीप झाड़ियों में नासिर का शव बरामद हुआ। शव की हालत खराब होने के कारण परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार मुंबई में ही करने का निर्णय लिया। वहीं बिजनौर स्थित घर पर घटना की खबर पहुंचते ही परिवार और रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# कैंडल मार्च के साथ बाल विवाह मुक्तअभियान खत्म

## - रविवार को बाल विवाह मुक्तअभियान का कैंडल मार्च के साथ समापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान व जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी के रूप में संस्था द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान का समापन रविवार को किया गया अभियान के अंतिम दिन कैंडल मार्च निकाल कर बदौसा क्षेत्र के उदयपुर, भूसासी व अन्य पंचायतो में स्थानीय महिलाओं एवं किशोरियों सहित स्थानीय ग्रामीणों ने गांव की गलियों में कैंडल मार्च निकाल कर यह संदेश दिया कि अब अंधेरे की कुरीतियों को शिक्षा की रोशनी से दूर किया जाएगा। इस दौरान कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए बाल विवाह बंद करो, बेटियों को पढ़ने दो और सुनो समाज की पुकार, बाल विवाह है अपराध, जेल की हवा खाओगे यदि बाल विवाह कराओगे जैसे नारों से पूरा




क्षेत्र गूंज उठा जलती हुई मोमबत्तियां इस बात का प्रतीक थी कि ग्रामीण अब अपनी बेटियों के भविष्य को लेकर जागरूक हो चुका है अभियान के दौरान पिछले तीन महीनो में गांव–गांव जाकर चौपाल, रैली, गोष्ठी व पम्प लेट पोस्टर व बाल विवाह मुक्ति रथ के जरिए कानूनी और स्वास्थ्य संबंधित खतरों के बारे में बताया गया इस अवसर पर ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान बांदा के विनोद कुमार ने बताया कि यह केवल 100 दोनों का अभियान नहीं था बल्कि एक नई सोच की शुरुआत थी बाल विवाह न केवल एक कानूनी अपराध है बल्कि यह है एक मासूम के सपनों की हत्या है आज की यह मसाले गवाह है कि हमारे गांव की बेटियां अब चूल्हा चौका नहीं बल्कि सुनहरे भविष्य की ओर कदम बढ़ाएंगी कैंडल मार्च के समापन पर सामूहिक शपथ ली गई ग्रामीणों ने ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान बांदा संस्था के इस प्रयास की सराहना की इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और विश्वास दिलाया कि वे इस अभियान को निरंतर जारी रखेंगे इस मौके पर संस्था से विनोद कुमार, सूरज भान व अन्य गण मान्य नागरिक संतोष कुमार, राम नरेश यादव साहित्य लोग मौजूद रहे।

# दौड़ प्रतियोगिता को सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। मेरा युवा भारत केंद्र मऊ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अस्मिता लीग खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत एथेलेटिक्स 100 मी, 200 मी, 400 मी दौड़ प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्गों का आयोजन डॉ भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्री, प्राथमिक विद्यालय के छात्राएं एवं शिक्षक, डीसीएसके पीजी कॉलेज सहित अन्य महाविद्यालय एवं स्टेडियम के खिलाड़ियों ने उत्साहित होकर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि 8 मार्च को दुनिया भर में महिलाओं की उपलब्धियों, उनके संघर्ष और उनके अधिकारों का उत्सव मनाया जाता है। उस महिला को नमन जो हर बाधा को पार कर अपनी राह खुद बनाती है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाए दी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नारी केवल एक घर ही नहीं, बल्कि पूरा समाज और भविष्य संवारती हैं। यह दिन केवल बधाई देने का नहीं, बल्कि समाज में पुरुष और महिला को समान अवसर और अधिकार दिलाने का है। एक औरत दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है। वह कोमल है, लेकिन कमजोर नहीं। मुख्य अतिथि ने दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। 400 मीटर में प्रथम अमृता, द्वितीय रंजना एवं तृतीय स्थान अन्नू ने प्राप्त किया। 200 मीटर में प्रथम मनीषा, द्वितीय तन्नू यादव एवं तृतीय स्थान तन्नू गुप्ता ने प्राप्त किया। 100 मीटर में प्रथम प्रतिभा, द्वितीय विदिशा एवं तृतीय स्थान अनीशा चौधरी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में 13 वर्ष आयु वर्ग तथा 15 वर्ष आयु वर्ग एवं 18 वर्ष आयु वर्ग की 100 मीटर 200 मीटर एवं 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई प्रतियोगिता के संचालन में



स्टेडियम से जुड़े प्रशिक्षक और सहयोगियों का प्रमुख योगदान रहा। कार्यक्रम के संयोजिका तथा मेरा युवा भारत केंद्र मऊ की उप–निदेशक राशी मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि एक सशक्त महिला न केवल एक परिवार को, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाती है। आज की महिला हर चुनौती को अवसर में बदलने का हुनर रखती है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था महिलाओं को समान अवसर और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा अपने आभार में बताया कि माय भारत अस्मिता आयोजन यह पहल केवल खेल आयोजन नहीं, बल्कि महिलाओ के सशक्तिकरण स्वास्थ्य जागरुकता और खेल संस्ृति को जमीनी स्तर तक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिसे समाज में फिटनेस और सक्रिय जीवन शैली के प्रति सकारात्मक संदेश जाएगा। उन्होंने सभी उपस्थित महिलाओं को इस विशेष दिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ, जिला विद्यालय निरीक्षक गौतम प्रसाद, जिला क्रीड़ाधिकारी डीपी सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी वीनू सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी रंजीत कुमार अन्य पीजी कॉलेज के अधिकारी मौजूद रहे।

# सीडीओ ने गोकुलपुरा में जन चौपाल लगाकर लोगों की सुनी समस्याएं

## - ग्राम पंचायत काझा में निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के एकेडमी ब्लॉक का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव द्वारा विकास खण्ड रानीपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विकास खंड की



योजनाओं के अभिलेख अपूर्ण होने व सेवा पुस्तिका, जीपीएफ पासबुक अपूर्ण रखे जाने व निर्माण पत्रावली लापरवाहीपूर्ण बनाने पाया गया इसके अलावा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास पूर्ण न होने तथा सुनवाई के प्रकरणों का निस्तारण पर फीडबैक न लेकर समयबद्ध निस्तारण में लापरवाही पाए जाने के लिए खंड विकास अधिकारी, लेखाकार व बाबू रानीपुर को कड़ी फटकार लगाते हुए अभिलेखों को पूर्ण करने के साथ साथ योजनाओं के कार्यो को पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत गोकुलपुरा विकास खण्ड रानीपुर में आयोजित जन चौपाल में प्रतिभाग कर आम जनता को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जन चौपाल के दौरान लोगों की शिकायतों के सुना गया। ग्रामवासियों द्वारा ग्राम गोकुलपुरा के लोगो द्वारा उपभोक्ता की बढ़ कर आ रही बिजली की बिल की समस्या के बारे में मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता विद्युत को इस गांव में सभी लोगो की प्राप्त बिजली बिल को तत्काल परीक्षण कराकर ठीक कराने के निर्देश दिए। साथ ही लोगो की शिकायत के निस्तारण हेतु खंड विकास अधिकारी रानीपुर को भी आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके उपरांत ग्राम में महात्मा गांधी नरेगा एवं राज्य वित्त योजनांतर्गत कराये गए निर्माण कार्य का निरीक्षण कर पाई गई कमियों को ठीक कराने के भी निर्देश खण्ड विकास अधिकारी रानीपुर को दिए। इसके अलावा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड रानीपुर के ग्राम पंचायत काझा मे निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक का निरीक्षण किया गया। जिसमें भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान की प्रयोगशाला, 4 कक्षा कक्ष, स्टाफ रूम, एनसीसी रूम, स्पोर्ट्स रूम एवं शौचालय एवं बालिका छात्रावास है। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की धीमी प्रगति व मजदूर मिस्त्री कम लगे होने तथा निर्माण कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण न कर पाने व गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कार्य न कराने में बरती जा रही लापरवाही के लिए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए कार्यदायी विभाग आरईडी के एई व जेई के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिए गए।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विकास भवन में हुआ कार्यक्रम

## - सीडीओ ने उत्कृष्ट महिलाओं को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए रोजगार सम्मान और डीबीटी अंतरण कार्यक्रम का प्रदेश स्तर पर जुपिटर ऑडिटोरियम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण के कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्ृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और बालिकाओं को सम्मानित किया गया। प्रदेश अस्तर पर आयोजित कार्यक्रम में पिक रोजगार महाकुंभ 2026 में 5000 प्लस महिलाओं को रोजगार के ऑफर, रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्लेटफार्म रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल ऐप की लॉन्चिंग, 94 नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्रों का वितरण, उत्ृष्ट महिला कार्मिक और मेधावी बालिकाओं का सम्मान एवं नारी शक्ति अवार्ड, कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं को चेक वितरण एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के बीमा प्रीमियम और साड़ी, वर्दी हेतु रुपए 3849 लाख की धनराशि का डीबीटी अंतरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बाल सेवा योजना के लाभार्थी रिंकी चौहान, सिमरा शेख, खुशी सिंह, ब्यूटी यादव को लाभान्वित किया गया। इसके अलावा नव चयनित मुख्य सेविकाओं रेखा यादव, नीलम, रेखा गुप्ता, शशिलता कुमारी, आशा, डाली शुक्ला, स्मिता चौहान, चित्रलेखा, शशि कला को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। प्रत्येक विकास खंड से दो दो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों खुशबू देवी, लक्ष्मी सिंह, मालती देवी, बिंदु यादव, उर्मिला देवी, रीना देवी, रीना यादव, सरिता, लालसा देवी, रीता, नीलम राजभर, शकुंतला, अंजुमन बानो, गीता मौर्या,




शाहिना परवीन, सरोज मौर्या, रंजू गुप्ता को उत्ृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी गई इसके अलावा उन्होंने नव चयनित मुख्य सेविकाओं को भी शुभकामनाएं दी एवं उनको अपने कर्तव्यों का पालन गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने को कहा। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा महिलाएं उपस्थित रही।

# महर्षि कश्यप जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो/मीरानपुर, कटरा। आगामी माह अप्रैल में मनाई जाने वाली महर्षि कश्यप जयंती को भव्य रूप से आयोजित करने के उद्देश्य से रविवार को कश्यप बिल्डिंग, बरेली रोड, मीरानपुर कटरा में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं कश्यप समाज के सम्मानित लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव एवं विचार रखे। बैठक में मुख्य रूप से जगदीश कश्यप, हरीश कश्यप, राजेश कश्यप (पूर्व प्रत्याशी), राजीव कश्यप (पूर्व प्रत्याशी), हरिराम कश्यप, नीरज कश्यप, राम औतार कश्यप, विनोद नाथ, मोहित कश्यप, शिवम् कश्यप सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में वीर एकलव्य फाउंडेशन, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजेश कश्यप ने कहा कि समाज की एकता और सहयोग से इस वर्ष महर्षि कश्यप जयंती को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए समाज के अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की।



# बेटियां कल का भविष्य : बाल विवाह मुक्तभारत अभियान का समापन

## – जिला प्रोबेशन अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रथ किया रवाना

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर महिला डिग्री कॉलेज में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का भव्य समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन देहात संस्था, रोसा संस्था एवं चाइल्डलाइन द्वारा किया गया। जिसमें क्षेत्र की महिलाओं, किशोरियों और आशा आंगनबाड़ी ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज से बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से मिटाने का संकल्प लेना था। देहात संस्था के प्रतिनिधियों ने अभियान की सफलता साझा करते हुए बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों के गांवों जाकर जागरूकता फैलाई गई। महिला दिवस के इस विशेष मौके पर उन बदलाव के नायकों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने क्षेत्र में बाल विवाह रुकवाने में साहस दिखाया। मो खालिद जिला प्रोबेशन अधिकारी ने संबोधन में बताया कि पाक्सो एक्ट और शिक्षा के अधिकार (आरटीई) पर जोर देते हुए कहा कि जब एक बेटी शिक्षित होती है, तो पूरा समाज सशक्त होता है। उपस्थित महिलाओं ने शपथ ली कि वे न केवल अपने घर में बल्कि पूरे गाँव में किसी भी बच्चे का भविष्य बाल विवाह की भेंट नहीं चढ़ने देंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ रीमा सिंह, डॉ अंकिता सिंह सहायक अध्यापक, नीलम सिंह शुक्ला जेंडर स्पेशलिस्ट, रोसा टिम से विकास जायसवाल, प्रतिमा सिंह, सुनील दीक्षित एवं देहात टीम से रचना मिश्रा, अमरेश कुमार, देवेश तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ईद को लेकर नानपारा बाजार में रौनक, महिलाओं की खरीदारी से बाजार गुलजार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पवित्र रमजान महीने के अंतिम दौर के साथ ही ईद के त्यौहार की तैयारियां तेज हो गई हैं। नानपारा बाजार इन दिनों पूरी तरह से रौनक से भरा हुआ है। खासकर मुस्लिम समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में बाजार पहुंचकर जमकर खरीदारी कर रही हैं, जिससे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं। शाम ढलते ही नानपारा का मुख्य बाजार रोशनी और चहल–पहल से जगमगाने लगता है। कपड़ों की दुकानों, जूते–चप्पल, कॉस्मेटिक और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। महिलाएं अपने और बच्चों के लिए नए कपड़े, चूड़ियां, मेहंदी, इत्र और अन्य श्रृंगार सामग्री खरीद रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस वर्ष ईद को लेकर लोगों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। दिन से लेकर देर रात तक बाजार में ग्राहकों की भीड़ बनी रहती है, जिससे कारोबार में भी अच्छी बढ़ोतरी हुई है। कपड़ा बाजार में खास तौर पर नई डिजाइन के सूट, कुर्ता–पायजामा और बच्चों के परिधानों की मांग सबसे ज्यादा है। वहीं, बाजार में लगने वाले अस्थायी स्टॉलों पर भी लोगों की अच्छी भीड़ उमड़ रही है। मेहंदी लगाने वाली महिलाओं और चूड़ी विक्रेताओं के पास भी ग्राहकों की कतार लगी हुई है। ईद के करीब आते ही नानपारा बाजार पूरी तरह से उत्सव के रंग में रंग गया है। चारों ओर खरीदारी, हंसी–खुशी और रौनक का माहौल देखने को मिल रहा है, जिससे यह साफ है कि इस वर्ष ईद का त्योहार क्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के घर में होली मिलन समारोह सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के निज निवास सेंट मैरी स्कूल के निकट रंग पंचमी के अवसर पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जनपद के सभी धर्मों के लोग प्रमुख पार्टियों के



पदाधिकारी, प्रबुद्ध जन शामिल हुए जिनका स्वागत कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अबीर गुलाल लगाकर व फूलों की बारिश कर किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि होली का पर्व प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है, दुश्मन भी एक दूसरे को गले लगाकर बैर भाव भुलाकर गले लगते हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री आदिशक्ति दीक्षित द्वारा महिला मंडल का स्वागत करते हुए फूलों की होली खेली गई, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनपद में सदैव से गंगा जमुनी तहजीब का बोलबाला रहा है, सभी धर्मों के लोग एक दूसरे के त्यौहारों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं, कांग्रेस पार्टी ने सदैव सभी धर्मों का सम्मान किया है इसीलिए होली मिलन समारोह में सभी धर्मों के लोग शामिल हुए। उन्होंने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एआईसीसी रमेश चन्द्र कोरी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान, राष्ट्रीय महासचिव युवजन सभा ओम नारायण त्रिपाठी विदित, सपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्चना सिंह पटेल, मुमताज अली, भाजपा नेता राजेश दुबे, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, अमित सेठ भोलू, दिनेश दीक्षित, चन्दन सिंह, शिवचरन शुक्ला, जयराम सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष/संगठन प्रभारी संकटा प्रसाद त्रिपाठी, डॉ संजय द्विवेदी दनादन, सूरज बाजपेई, महेंद्र वर्मा एडवोकेट, द्वारिकेश सिंह यादव मंडेला, जिला कांग्रेस महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, शोएब रिजवी, जितेन्द्र गौरव, जिला सचिव हेमन्त कुमार वर्मा, अम्बिका प्रसाद खेंगर, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, जगत प्रसाद त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार सुमन मिश्रा, धीरेन्द्र पांडेय धीरू, अभिषेक मिश्रा, रामभवन उपाध्याय, महिमा शुक्ला, डॉ उर्मिला सिंह, शगुता सिद्दीकी, प्रमोद गुप्ता राजा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# मोतीपुर पुलिस ने अपहरण के मुकदमें मे वांछित गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध कार्यवाही एवं रोकथाम जुर्म जरायम के संबंध में दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा प्रद्युमन सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम जुर्म जरायम को रोकने हेतु थानाध्यक्ष आनन्द कुमार चौरसिया के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अपहरण



के अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्त विजय कुमार उर्फ विजय बाबू पुत्र पटवारी निवासी रायपुर कमना थाना ईसानगर जनपद लखीमपुर खीरी को थाना क्षेत्र अन्तर्गत जालिमनगर पुल से गिरतार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उल्लेखनीय है कि 07 दिसंबर 2025 को अभियुक्त विजय कुमार उर्फ विजय बाबू द्वारा आवेदिका के लडकी को बहला फुसला कर भगा ले जाया गया था, जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 565/25 धारा– 137(2) बीएनएस पंजी.त कराया गया था।

# साइबर ठगी के 2.07 लाख रुपये पीड़ित को लौटाए

## – पुलिस साइबर सेल की त्वरित कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिले में साइबर ठगी के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के 2,07,000 रुपये वापस कराए। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में साइबर सेल द्वारा की गई। जानकारी के अनुसार 27 फरवरी 2026 को शिवम कुमार पुत्र



हरिशंकर निवासी लालपुरा जैन धर्मशाला, इटावा के खाते से बिना जानकारी के 81,337 रुपये कट जाने की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराई गई थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए साइबर सेल को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी के मार्गदर्शन में साइबर सेल टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य एकत्र किए और बैंक अधिकारियों तथा पेमेंट गेटवे के नोडल अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया। लगातार प्रयासों के बाद साइबर सेल ने पीड़ित के कुल 2,07,000 रुपये शत–प्रतिशत वापस कराने में सफलता प्राप्त की। अपने रुपये वापस मिलने पर पीड़ित ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इटावा पुलिस और साइबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक लोकेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल विजय कुमार, हेड कांस्टेबल मनीष कुमार, कांस्टेबल पंकज, कांस्टेबल ब्रजेश गोला तथा महिला कांस्टेबल गोल्डी वर्मा शामिल रहे।

# घर से लापता किशोरी की हत्या का खुलासा

## - प्रेम संबंध के चलते आरोपी ने गला दबाकर और ईंट से वार कर की हत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में एक किशोरी की हत्या के मामले में पुलिस ने




अभियुक्त को गिरतार कर लिया है। घटना थाना सैफई क्षेत्र से जुड़ी है, जहां युवती के घर से लापता होने के बाद पुलिस जांच में हत्या का खुलासा हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार 05 मार्च की सुबह लगभग 4 बजे थाना सैफई क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने अपनी पुत्री के घर से कहीं चले जाने की सूचना पुलिस को दी थी। इस संबंध में 06 मार्च को थाना सैफई में गुमशुदगी दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए गुमशुदा की बरामदगी के लिए पुलिस टीम गठित की गई। जांच के दौरान इलेक्ट्रॉनिक और भौतिक साक्ष्य एकत्र कर पूछताछ करने पर पता चला कि युवती अपनी मौसेरी बहन के पति के साथ दिल्ली चली गई है। पुलिस टीम ने दिल्ली में अभियुक्त के संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद गुमशुदगी को मुकदमा अपराध संख्या 28/2026 धारा 137 बीएनएस में परिवर्तित कर दिया गया। इसी क्रम में 08 मार्च की सुबह लगभग 3 बजे अभियुक्त विजय कुशवाहा पुत्र कुलदीप निवासी फूलन देवी डाढ़ा, जैन धर्मशाला के पास थाना कोतवाली स्वयं कोतवाली पहुंच गया। पूछताछ में उसने बताया कि 05 मार्च को वह युवती को उसके घर से अपने साथ दिल्ली ले गया था, जहां वह दिल्ली जल बोर्ड में संविदा पर मैकेनिक के रूप में कार्य करता है। अभियुक्त ने बताया कि जब उसे पता चला कि पुलिस उसकी तलाश कर रही है तो वह 08 मार्च की रात करीब 1.30 बजे रोडवेज बस से युवती को लेकर वापस आया। बस अड्डे पर उसने युवती को घर जाने के लिए कहा, लेकिन वह जाने को तैयार नहीं हुई और उसके पीछे–पीछे चलने लगी। इसी दौरान अपने घर के पास एक सुनसान स्थान पर आवेश में आकर उसने युवती का गला दबा दिया और ईंट से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार अभियुक्त का विवाह करीब पांच वर्ष पूर्व थाना बैदपुरा क्षेत्र की एक महिला से हुआ था। मृतका उसकी पत्नी की मौसी की लड़की थी और दोनों के बीच प्रेम संबंध भी सामने आया है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारियों और फील्ड यूनिट की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# गौवंश तस्करी में प्रयुक्तकटेनर न्यायालय के आदेशानुसार जब्त

## - पुलिस कार्रवाई में 17.50 लाख रुपये का वाहन सीज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने गौवंश तस्करी में प्रयुक्त एक ट्रक कंटेनर को न्यायालय के आदेशानुसार जब्त कर लिया है। जब्त किए गए वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 17 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 सितंबर 2025 को थाना बसरेहर में मुकदमा अपराध संख्या 86/2025 धारा 109(1) पशु मृत्यु, 325 बीएनएस, धारा



3/5ए/8 गौवध निवारण अधिनियम, धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम तथा धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम के तहत अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। इस मुकदमे की विवेचना थाना चौबिया द्वारा की जा रही थी। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि वाहन संख्या आरजे05जीबी–9816 ट्रक कंटेनर का उपयोग उक्त मामले में गौवंश की तस्करी के लिए किया गया था। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार जब्तीकरण की कार्रवाई की गई। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 18 फरवरी 2026 को उक्त वाहन की जब्तीकरण प्रक्रिया पूर्ण कर उसे विधिवत जब्त कर लिया गया। पुलिस के अनुसार जब्त किए गए ट्रक कंटेनर की अनुमानित कीमत करीब 17 लाख 50 हजार रुपये है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रिजर्व पुलिस लाइन में हुआ कार्यक्रम

## – महिला शिक्षिकाओं, प्राचार्यो, समाजसेवियों व महिला पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाईन में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्.ष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों से आई महिला शिक्षिकाओं और प्राचार्यों, समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय समाजसेवी महिलाओं तथा पुलिस विभाग में कर्तव्यनिष्ठा और उत्.ष्ट कार्य करने वाली महिला अधिकारियों एवं महिला कर्मचारियों



को प्रशस्ति पत्र और भेंट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जब हम एक महिला को शिक्षित और सशक्त बनाते हैं तो हम केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरे समाज और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य को सशक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया तथा महिला सुरक्षा के लिए संचालित विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के संबंध में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन आयुषी सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य महिला अधिकारी एवं कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों की अध्यापिकाएं तथा महिला समाजसेवी उपस्थित रहीं।

# कांग्रेस कार्यालय पर होली मिलन व रोजा इतार का आयोजन

## - गुलाब के फूलों से होली खेलकर दिया भाईचारे और सौहार्द का संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला कांग्रेस कार्यालय पर शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के संयोजन में होली मिलन समारोह एवं रोजा इतार कार्यक्रम का आयोजन सायं 5 बजे किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आपसी भाईचारे और गंगा–जमुनी तहजीब का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने पहले गुलाब के फूलों से होली खेली और उसके बाद रोजा खुलने के समय इतार किया। इस अवसर पर समाज में बढ़ती धार्मिक कटुता के बीच आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द को बनाए रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, पूर्व जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, पीसीसी मेंबर कोमल सिंह कुशवाहा, प्रमोद शंखवार, प्रशांत तिवारी, सुमनलता उपाध्याय, वाचस्पति द्विवेदी, प्रेरणा जुबैरी, करन



सिंह राजपूत, शोजव रिजवी, सरवर अली, नरेंद्र यादव, डॉ. झब्बूलाल, अंसार अहमद, अनुराग कर्ण, प्रदीप द्विवेदी, सुहेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

# खबर चलाने पर कोतवाल की पत्रकार को घुड़की

## – दिमाग न खराब हो, तुमको जो चाहेंगे वो कर देंगे

न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार, रायबरेली। सोशल मीडिया में महिला अपराध से संबंधित एक खबर वायरल होने पर कोतवाल ने आपा खो दिया, उन्होंने फोन पर पत्रकार को धमकी दी और कहा कि दिमाग न खराब हो, तुम्हारा जो चाहेंगे वो कर देंगे। मामला नगर के कलवारन टोला में शनिवार को हुए एक विवाद को लेकर था।




घटना में महिला ने दूसरे समुदाय के दो युवकों पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया। यह खबर सोशल मीडिया में वायरल हुई तो शनिवार की शाम कोतवाल अजय कुमार राय ने आपा खो दिया। उन्होंने खबर चलाने वाले एक पत्रकार को फोन करके अपनी भड़ास निकाली। जिसका ऑडियो वायरल हुआ है। कोतवाल ने पत्रकार को धमकाते हुए कहा कि फालतू का काम ना करो, तुम्हारा ज्यादा खुरापात चलता है। तुम थाने आओगे तो बताएंगे, बड़ा भारी पत्रकार मत बनो, दिमाग ना खराब हो। जब पत्रकार ने उनसे कहा कि क्या आप मुझे जेल भेज देंगे क्या? तो कोतवाल ने कहा कि तुमको जो चाहेंगे वह कर देंगे। इस पूरी बातचीत का ऑडियो जब सोशल मीडिया में वायरल हुआ तो क्षेत्र के पत्रकार आक्रोशित हो गए। यही नहीं क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने भी कोतवाल की बदजूबानी पर अपना गुस्सा जाहिर किया है। इस बारे में सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, वह परीक्षा ड्यूटी में बाहर हैं, वापस आकर मामले की जानकारी की जाएगी।

# परशुराम सेवा समिति का होली मिलन समारोह संपन्न

## - काव्य गोष्ठी में कवियों ने जोश भरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. (रजि.) का होली मिलन समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन रविवार को श्री एसआरएलटी कॉलेज इकदिल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव गोपाल अवस्थी ने की तथा संचालन प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी ने किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती जी व भगवान श्री परशुराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम में परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने फूलों की होली खेली स सभी अतिथियों का परशुराम पट्टीका पहनाकर व परशुराम जी का चित्र देकर



सम्मानित किया। काव्य गोष्ठी का शुभारम्भ कवियत्री प्रतीक्षा चौधरी ने माँ सरस्वती जी की वंदना पढ़कर किया। राष्ट्रीय कवि रोहित चौधरी ने काव्य पाठ कर सभी के अंदर जोश भरा। औरैया से पधारे युवा कवि गोपाल पाण्डेय ने जोशीले अंदाज में अपनी रचना पढ़ी। इसके अलावा हर्ष शर्मा, प्रशांत तिवारी, शाश्वत शुक्ला, समीक्षा चौधरी आदि ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम में संरक्षक हरिप्रकाश चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष केके चतुर्वेदी, दीपक त्रिपाठी, रामकिशोर मिश्रा, केके त्रिपाठी, विपिन अवस्थी, औरैया जिलाध्यक्ष पंकज अवस्थी एड., प्रदेश सचिव मुकेश दीक्षित, गीतिका तिवारी, अनिल दीक्षित, प्रदेश संगठन मंत्री अनिल चौधरी, आलोक तिवारी, रविशंकर चौधरी, आशुतोष त्रिपाठी, शिक्षक नेता भानु प्रकाश अवस्थी, सुनील शुक्ला, संतोष दुबे, राज तिवारी, अनंत प्रकाश अवस्थी, अंकित शुक्ला, सुरेश दीक्षित, राजेश शुक्ला, हरिशंकर दुबे, शरद शुक्ला, अवधेश चतुर्वेदी, . ष्णकांत शुक्ला, उत्कर्ष चतुर्वेदी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बैटरी रिक्शा की टक्कर से समाजसेवी घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। समाजसेवी एवं जैन समाज के अध्यक्ष संजू जैन ठेकेदार का स्वयं की बाइक से रेलवे स्टेशन से आ रहे थे होटल प्रताप बस स्टैंड जा रहे थे तभी काजी पेट्रोल पंप के समाने से



बैटरी रिक्शा की टक्कर में एक्सीडेंट हो गया, जिसमें उनके पैर की हड्डी में क्रैक आ गया तथा छाती में भी चोट लगी है। कुशल डॉक्टरों की टीम द्वारा उनके पैर में अभी कच्चा प्लास्टर चढ़ाया गया है और फिलहाल उनका उपचार जारी है। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, जिलाध्यक्ष समाचार विक्रेता पत्र संघ के जिलाध्यक्ष विमल जैन, मीडिया प्रभारी चौ. अभिनन्दन जैन नंदू, महावीर जैन (जीएसटी अधिकारी) शिवपाल यादव, मोहित यादव, अनुराग यादव, रोहित राज, अमित यादव, मोहित अग्रवाल, राजवीर यादव ठेकेदार मैनपुरी, शोवियत जैन उनके निवास पहुंचकर उनका हालचाल लिया और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि संजू जैन समाजसेवा में हमेशा अग्रणी रहते हैं और सभी लोग उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

# दिवंगत शिक्षामित्र की अनाथ बेटी से मिला मंच

## - शादी में पहुंचाई मदद, हरसंभव सहयोग का दिया आश्वासन

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। बिंदकी विधानसभा के ग्राम आलियाबाद निवासी षिक्षामित्र अखिलेश कुमार सविता ने एसआईआर ड्यूटी के दौरान बेटी की शादी के लिए अधिकारियों द्वारा अवकाश न दिए जाने व काम का नाहक दबाव बनाए जाने से एक मार्च को मृत्यु को गले लगा लिया था। आज बेटी की शादी के दिन संयुक्त सामाजिक एकता मंच ने दुखी परिजनों से मुलाकात कर प्रशासनिक मदद की हर तरह की लड़ाई में साथ देने का आष्वासन दिया। शिक्षक साथियों से संकलित 61000 रुपए की आर्थिक मदद दी गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से मंच के संयोजक एवं सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष डा अमित पाल, अध्यक्ष लाल देवेंद्र प्रताप सिंह, मनोज प्रकाश, सुनील कुमार, अवधेश कुमार, शंकर लाल सविता, फूल सिंह मौर्य मौजूद रहे।

# फिट इंडिया महिला सप्ताह में निकाली नारी सम्मान रैली

## – महिला सशक्तिकरण व स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेष

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के षांतीनगर स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में फिट इंडिया महिला सप्ताह के अंतर्गत तृतीय दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं एवं महिलाओं ने नारी सम्मान रैली निकाली। जिसमें महिला सशक्तिकरण व स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों के मध्य रस्साकसी एवं वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार भारती ने मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सफल आयोजन में स्पोर्ट्स स्टेडियम के समस्त कोच एवं स्टाफ का विशेष



सहयोग रहा। जिनमें कार्यालय सहायक अरुण शर्मा, कार्यालय स्टाफ मनीष कुमार, एथलेटिक्स कोच आरिफ खान, एथलेटिक्स कोच–खेलो इंडिया जितेन्द्र यादव, हैंडबॉल कोच मोहित यादव षामिल रहे।

# गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

## - केक काटकर शक्ति व एकता का लिया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बहुआ ब्लॉक के



अंतर्गत ग्राम पंचायत सुजानपुर में नारी शक्ति का भव्य समागम देखने को मिला। गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष एवं सुजानपुर ग्राम प्रधान हेमलता पटेल के नेतृत्व में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने ग्राम सचिवालय भवन में एकत्रित होकर इस दिन को यादगार बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुजानपुर सहित आसपास के गांवों से आई महिलाओं ने केक काटकर और एक–दूसरे का मुँह मीठा कराकर किया। अध्यक्ष हेमलता पटेल ने उपस्थित सभी महिलाओं को तिलक लगाकर सम्मानित किया और महिला दिवस की बधाई दी। आयोजन के दौरान महिला शक्ति और नेतृत्व पर आधारित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां महिलाओं ने प्रेरक गीतों के माध्यम से अपनी ऊर्जा का प्रदर्शन किया। महिलाओं को संबोधित करते हुए हेमलता पटेल ने कहा कि आज महिलाएं स्वयं को कमजोर न समझें। अवसर मिलने पर अपनी प्रतिभा का परिचय हर क्षेत्र में जरूर दें। एकता और साहस ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। महिलाओं ने एक–दूसरे के गले मिलकर एकता की शपथ ली और समाज में अपनी सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इस दौरान रेखा रानी, उत्तरा सिंह, सुनीता, राजरानी, संगीता, सावित्री, अंजना, रजनी, सुमन, आमना, रजिया, स्नेहा, गीता, प्रिया, संयोगिता, मधु, कोमल आदि लोग रहीं।

# बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर उसरैना के समीप एनएच–2 में पैदल दूध लेकर जा रहे 55 वर्षीय अधेड़ को पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए सदर अस्पताल लाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के फरीदरपुर उसरैना गांव निवासी स्व0 रामनाथ पुत्र शेरबहादुर रात लगभग आठ बजे दूध लेकर पैदल घर आ रहा था। तभी पीछे से तेज रतार आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने उपचार के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।






# ई-रिक्शे की टक्कर से बाइक सवार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे–2 स्थित नऊवाबाग में सर्विस लेन पर ई–रिक्शे ने बाइक को ज़ोरदार टक्कर मार दिया। रिक्शे की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार रायबरेली जनपद के लालगंज थाना क्षेत्र के पूरे बैजू बैहरमपुर गांव निवासी राजाराम का 40 वर्षीय पुत्र मानसिंह बाइक पर सवार होकर घर से फतेहपुर जनपद के मलवां थाना क्षेत्र के माधवपुर गांव अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। जब उसकी बाइक सदर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 नऊवाबाग में सर्विस लेन पर पहुंची तभी तेज रतार ई–रिक्शे ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। रिक्शे की टक्कर से बाइक चालक मानसिंह रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। फोन कर घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस के ईएमटी सुशील कुमार व पायलेट राकेश सिंह ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# युवक पर चाकुओं से हमलाकर डेढ़ लाख रूपए की लूट

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर में शनिवार की देर शाम बाइक से घर आ रहे 38 वर्षीय युवक को गांव के ही सगे भाईयों ने रंजिशन उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पीड़ित के अनुसार हमलावरों ने उसके पास से डेढ लाख रूपये की लूट की है। जानकारी के अनुसार नरायनपुर गांव निवासी रामसेवक का पुत्र अशोक यादव अपनी बाइक से आ रहा था। तभी गांव के समीप ही रामसजीवन उर्फ मुन्ना के पुत्र रिंकू व पिन्टू ने उसे रोंक लिया और उस पर ताड़तोड़ तीन चाकू मार कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गये। उधर घटना की जानकारी जैसे ही परिजनो को लगी तो उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं घायल के परिजनो ने थाने में दो लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। इलाज के दौरान घायल अशोक यादव ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह अपने पास डेढ लाख रूपया लेकर घर आ रहा था। तभी गांव के समीप ही पहले से घात लगाये बैठे रिंकू व उसका भाई पिन्टू ने उसे रोंक लिया और के उसके पास रखे डेढ लाख रूपये छीनने लगे। विरोध करने पर उन्होने उस पर चाकू से जानलेवा हमला किया। घटना को अंजाम देने के बाद दोनो भाई पैसा लेकर फरार हो गये।

# होली के रंग में सराबोर हुआ ठेकेदार संघ

## - मिलन समारोह में जमकर उड़ा अबीर गुलाल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। रंगो के त्योहार होली के बाद से लगातार मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ठेकेदार संघ की ओर से मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रंगों में सभी लोग सराबोर दिखाई दिए। होली मिलन समारोह में संघ के अध्यक्ष सूर्यप्रताप सिंह



उर्फ सूरज सिंह के अलावा सभी ठेकेदार षामिल हुए। सभी ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। समारोह के दौरान अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी सौहार्द व भाईचारा बढ़ता है। होली का त्योहार हमें आपसी एकजुटता व भाईचारे का संदेष देता है। समारोह के दौरान सभी ने गुझिया व ठंडाई का आनंद भी उठाया। इस मौके पर धर्मेन्द्र सिंह परिहार, अनूप कुमार चौरसिया, षिवतोश गुप्ता, मनोज पाण्डेय, राजेन्द्र यादव, अखिलेष सिंह, भूपेन्द्र सिंह, डिम्पल, संतोश कुमार लोधी, सनी लोधी, अभिशेक गुप्ता, हिमांषु राठौर, उदित दुबे, सरवन सिंह, राजन गुप्त, नरेन्द्र तिवारी, सौरभ साहू, अंकित मिश्रा, मनोज लोधी व इन्द्रजीत लोधी भी षामिल रहे।

# अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटने से पांच घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम हसनापुर के समीप रविवार की दोपहर ई–रिक्शा पलट जाने से उसमें बैठी लगभग आधा दर्जन सरवारियां घायल हो गयी। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रामपुर पंचभिटा गांव निवासी सीताराम का 42 वर्षीय पुत्र रामाधार बाबू खां का 50 वर्षीय पुत्र गुलाब अहमद 70 वर्षीय सुबरातन स्व0 इस्माल की 30 वर्षीय पत्नी अनीसा व उसका पुत्र शोएब 12 वर्ष सभी लोग गांव के ही राजेश पुत्र बदलू के ई–रिक्शा में बैठकर अल्लीपुर आ रहे थे। जैसे ही यह लोग हसनापुर के समीप पहुंचे तभी अचानक अनियंत्रित होकर ई–रिक्शा पलट गया। जिससे सभी लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची सराकरी एम्बुलेंस ने सभी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# पालिकाध्यक्ष ने दो सीसी मार्गो का किया शिलान्यास

## - सभी मुहल्लों को मुख्य मार्ग से जोड़ने हेतु पालिका प्रयासरत : राजकुमार



न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। शहर के ईसाईन पुरवा वार्ड के गाजीपुर बस स्टाप अषोकनगर में लगभग पंद्रह लाख रुपए की लागत से बनने वाली दो सीसी सड़कों का नगर पालिकाध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने शिलान्यास किया। श्री मौर्य ने कहा कि नगर के सभी मोहल्लों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए नगर पालिका लगातार प्रयास कर रही है। ताकि स्थानीय लोगों को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। नगर के विकास के लिए सड़कों, नालियों और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने का काम प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। इस मौके पर सभासद सुनील गुप्ता, प्रेम प्रकाश मिश्रा, उमाशंकर, पिंटू सिंह, सोनू पांडेय, शिवभान सिंह, श्यामू पांडेय, अखिलेश तिवारी, गुड्डू गुप्ता, गोलू अवस्थी, छोटा सिंह सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

# रेडक्रास चेयरमैन ने मातृ शक्तियों को किया सम्मानित

## - सभी को चिकनपॉक्स से बचाव की दी दवा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने मातृ शक्तियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। उपजिलाधिकारी सदर अनामिका श्रीवास्तव, भाजपा की पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रेमा सिंह राठौर, शिक्षिका छाया श्रीवास्तव, सीमा बाजपेई, रुपाली श्रीवास्तव, चिकित्सक डॉ आसमां खान, डॉ अचला पांडेय, गंगा समग्र से साधना चौरसिया, क्षय रोगियों के लिए सेवारत कल्पना सिंह को डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने पुष्पवर्षा व शाल भेंटकर



सम्मानित किया। साथ ही सभी को चिकनपॉक्स बचाव हेतु होम्योपैथिक औषधि प्रदान कर समाजहित में सभी के योगदान हेतु आभार व्यक्त कर उनके उत्तम स्वास्थ्य हेतु शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रमुख सहयोगी आजीवन सदस्य प्रेमचंद्र मौर्य उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने दिया धरना

## - सीएम को भेजा दस सूत्रीय ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने नहर कालोनी में एक दिवसीय धरना दिया। जिसमें कार्यकत्रियों ने अपनी आवाज बुलंद की। तत्पष्चात कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रषासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को दस सूत्रीय ज्ञापन भेजकर सभी मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका संघ की प्रदेष अध्यक्ष किरन वर्मा की अगुवई में धरना दिया गया। धरने में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने षिरकत कर अपनी मांगों को दोहराया। सीएम को भेजे गए ज्ञापन में मांग किया कि कार्यकत्रियों को पूर्णकालिक सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्रदान कर वेतनमान, भविश्य निधि, पेंषन,



ग्रेच्युटी, महंगाई भत्ता एवं सवेतन मेडिकल अवकाष सहित समस्त वैधानिक लाभ दिए जाएं, प्रदेष में रिटायरमेंट की आयु 65 वर्श की जाए, आंगनबाड़ी से मुक्त सेविका के पद पर सहायिका को कार्यकत्री के पद पर एवं वरिश्ठता के आधार पर नियमित व समयबद्ध पदोन्नति षासनादेष के अनुसार दी जाए, आयु सीमा की बाध्यता समाप्त की जाए, पोशण ट्रैकर पर आनलाइन कार्य हेतु फाइव जी मोबाइल खरीदने के लिए बीस हजार रूपए व प्रतिवर्श रिचार्ज के लिए पांच हजार रूपया डाटा भत्ता दिया जाए, पंद्रह सौ रूपए प्रोत्साहन राषि पीएलआई भुगतान भारी अव्यवस्था एवं भ्रश्टाचार को देखते हुए नियमित मानदेय में सम्मिलित किया जाए, किराए के भवनों में संचालित केन्द्रों को किराया बाजार भाव से दिया जाए। इसके अलावा अन्य मांगे भी षामिल रहीं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बसंती सोनकर, अर्चना वर्मा, जिला महामंत्री षहनाज, संगीता सिंह, सुनीता आनंद, संगीता, कमला देवी, रेखा, आरती, अमिता पटेल, षिवकांती, पुश्पकली, सुमन देवी, मालती देवी, सरिता सिंह, रीता देवी, प्रमिला, कमला आदि मौजूद रहीं।

# रामलीला मैदान ज्वालागंज में श्रीराम कथा का शंखनाद

## - वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ भव्य भूमि पूजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के तत्वावधान



में आयोजित होने वाली आगामी नौ दिवसीय श्रीमद श्रीराम कथा के सफल आयोजन हेतु रविवार को रामलीला मैदान ज्वालागंज में पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ। पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः ग्यारह बजे विद्वान आचार्यों मोहित तिवारी, मिंटू पाण्डेय, कमल तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और भूमि शुद्धि के साथ किया गया। कार्यक्रम में कथा संयोजक .ष्ण कुमार तिवारी एवं मुख्य यजमान के रूप में सरोज भदौरिया माता आकाश सिंह भदौरिया ने सम्मिलित होकर भूमि देवी का पूजन किया और कथा के निर्विघ्न संपन्न होने की कामना की। इस अवसर पर आयोजक मंडल से मनोज साहू, धनंजय मिश्रा, श्रवण दीक्षित, विनीत श्रीवास्तव, जय किशन, अनिल महाजन, राकेश गुप्ता, ओम प्रकाश द्विवेदी, मनीष पाण्डेय, गंगाशरण करवरिया, गणेश गुप्ता, राकेश सोनी, अतुल कसेरा, रामजी श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य नागरिक, संत समाज उपस्थित रहे। आगामी 11 मार्च से 19 मार्च तक चलने वाली इस दिव्य श्रीराम कथा का वाचन परम श्रद्धेय चंदन.ष्ण जी महाराज द्वारा किया जाएगा। कथा संयोजक .ष्ण कुमार तिवारी ने बताया कि कथा के लिए भव्य पंडाल और श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने समस्त धर्मप्रेमी जनता से इस ज्ञान गंगा में डुबकी लगाने का आह्वान किया है। कथा के प्रथम दिन 11 मार्च को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो कालिकन मंदिर से प्रारंभ होकर कथास्थल तक पहुंचेगी।

# आईएएस बनने पर रंजना का क्षत्रिय समाज ने किया स्वागत

## - यूपीएससी में हासिल की 629 वीं रैंक

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के अमर शहीद ठाकुर दरियाव सिंह स्मारक मे रविवार को नगर की



क्षत्रिय समाज की बेटी रंजना सिंह सेंगर द्वारा यूपीएससी में 629 वीं रैंक हांसिल कर आईएएस बनने पर खागा तहसील क्षेत्र के क्षत्रिय समाज के लोगों ने बेटी रंजना सिंह सेंगर को सम्मानित किया। समारोह मे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर ने अपने समस्त पदाधिकारियों के साथ चांदी का मुकुट व प्रतीक चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह, किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम, समिति के अध्यक्ष डॉक्टर ठाकुर राजकुमार सिंह, गजेंद्र सिंह प्रधानाचार्य विद्यामंदिर इंटर कालेज खागा, राजकपूर सिंह प्रधानाचार्य बाल मंदिर इंटर कालेज खागा, रवि सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष रंजना सिंह चौहान, रोहित सिंह तोमर पूर्वमंडल अध्यक्ष, महेंद्र सिंह भदौरिया किसान नेता, रामप्रताप सिंह, .ष्णस्वरूप सिंह, उदय प्रताप सिंह, इंदल सिंह, नरेंद्र सिंह भदौरिया पूर्व प्रधान टेसाही, रामगोपाल सिंह चेयरमैन प्रतिनिधि, धर्मेन्द्र सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष, रामचंद्र सिंह, जुगेश सिंह, शनि सिंह सेंगर सभासद प्रतिनिधि, ज्वाला सिंह, अतुल सिंह प्रधान सहित भारी संख्या मे क्षत्रिय समाज के लोगों ने बिटिया को आशीर्वाद दिया।

# जिला परियोजना प्रबंधन इकाई ने ग्रामीणों को किया जागरूक

## - ग्राम पंचायत बसोहनी में जल महोत्सव का किया आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यरत जिला



परियोजना प्रबंधन इकाई ने विकास खण्ड भिटौरा की ग्राम पंचायत बसोहनी में जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कर जल संरक्षण, शुद्ध जल प्रयोग और अशुद्ध जल से होने वाले रोगों के प्रति लोगों को जागरूक किया। जिला परियोजना प्रबंधन इकाई से आईएसए कोआर्डिनेटर शिवबहादुर सिंह चंदेल ने बैठक में ग्रामीणों को बताया कि जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की स्वपनिल योजना है। हम सभी को जल संचय के तरीकों को अपना कर जल को संरक्षित करना होगा ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी को जल के लिए संघर्ष न करना पड़े। सीबीटी स्वाति अवस्थी ने दूषित पानी से होने वाली जल जनित बीमारियों, जल संरक्षण एवं शुद्ध पेयजल जल के सदुपयोग के बारे में बताया। उन्होंने ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति की सरकार की योजना तीब्र गति से चल रही है। जल्द ही सभी घरों में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्राप्त होगा। बैठक में प्रोजेक्ट मैनेजर मो0 सऊद सिद्दीकी, जीआईएस एक्सपर्ट जितेन्द्र यादव, ग्राम प्रधान रामबाबू, श्रवण कुमार, पारस, शैलेन्द्र तिवारी, महेंद्र, अनिल दत्त, धीरज पाल, हरिओम, सुरेंद्र पाल सहित ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समित के सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर देवेन्द्र का हुआ स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमौली, फतेहपुर। कई दशक से भारतीय जनता पार्टी में कार्य कर रहे देवेन्द्र अवस्थी को अमौली मण्डल से अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिस पर साहब सिंह गौतम की अगुवाई में रजत प्रताप



सिंह द्वारा माला पहना कर स्वागत किया गया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बाइक व चार पहिया वाहनों से जुलूस निकाल डीजे के साथ बिरनई से चलकर कस्बा भ्रमण के पश्चात सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क पहुंचा। जहां पर मंचासीन सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा कार्यकत्री रेखा मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओं को एक साथ कार्य करने का आवाहन किया। उन्होंने पार्टी पर सोशल मीडिया के माध्यम से विरोध जताने वालों को पार्टी पर कोई जगह न होने की बात कही। पूर्व शिक्षक व पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामस्वरूप कोरी व डॉ रामभक्त वर्मा ने पार्टी की नीतियों का बखान किया। कार्यक्रम में विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल ने छोटे से छोटे कार्यकर्ता का पार्टी में सम्मान होने की बात कही। इस मौके पर गौरी शंकर अवस्थी, सुरेंद्र नाथ उमराव, सत्य प्रकाश शुक्ला, राजेश वर्मा, रणधीर सिंह, मोहित सोनी, शिवेंद्र सिंह, अजय पटेल, शिम्पू शिवहरे, संतोष गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला जनसुनवाई आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी ऋषान्त कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति द्वारा जनपद में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा, महिला जनसुनवाई, जागरूकता चौपाल, निरीक्षण आदि किया जाना है। महिला जनसुनवाई कल (आज) पूर्वान्ह 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस (सर्किट हाउस) जीटी रोड में की जाएगी।

# शहर कोतवाल लाइन हाजिर, नए थाना प्रभारियों की तैनाती

## – एसपी ने शांति व्यवस्था को लेकर किया बड़ा फेरबदल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में कानून–व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस की कार्यक्षमता को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव किए हैं। उन्होंने शहर कोतवाली के प्रभारी श्रवण कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। उल्लेखनीय है कि श्रवण कुमार सिंह को मात्र एक माह पूर्व ही शहर कोतवाली की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। एसपी अनूप कुमार सिंह के आदेश पर हुए इस स्थानांतरण में कई प्रमुख बदलाव किए गए हैं। हथगाम थाना प्रभारी दुर्गेश गुप्ता को बिंदकी कोतवाली का नया कोतवाल बनाया गया है। बिंदकी कोतवाली के प्रभारी हेमंत कुमार मिश्रा को अब शहर कोतवाली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संजय कुमार पांडेय को हथगाम थाने का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। गिरेंद्र पाल सिंह को पुलिस लाइन से एएचटी (अनुमानित रूप से एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग या समकक्ष इकाई) की जिम्मेदारी दी गई है। ये बदलाव जनपद में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने की दिशा में उठाया गया एक सकारात्मक और सक्रिय कदम माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह लगातार ऐसे कदम उठा रहे हैं, जिससे पुलिस महकमे में अनुशासन और कार्यकुशलता बढ़े।

# सीढियों से गिरकर वृद्ध घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के सरकंडी गांव में अपने घर की छत से सीढियों से उतरते समय बृद्ध का पैर फिसल गया। जिससे वह सीढियो के रास्ते नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरन्त उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सरकंडी गांव निवासी स्वर्गीय छेदालाल का 75 वर्षीय पुत्र राम शंकर अपने घर की छत से सीढियो से उतर रहा था। तभी सीढियो पर उसका पैर फिसल गया और वह सीढियो के रास्ते नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरन्त उसको इलाज के लिए बिंदकी सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# ताइक्वांडो खिलाड़ियों का किया सम्मान

## – विद्यालयों में ताइक्वांडो प्रषिक्षण की अनिवार्यता की करेंगे मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले को गौरवान्वित करने वाली ताइक्वांडो खिलाड़ी रिचा राजपूत सिल्वर मेडल



विजेता इंडिया ओपन ताइक्वांडो चैम्पियन शिप देहरादून व मनीषा राजपूत ब्लैक बेल्ट व प्रशिक्षण कोच को ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा व सलोनी मेहरोत्रा ने पुष्पहार पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष श्री मेहरोत्रा ने कहा कि जनपद को गौरवान्वित करने वाली ताइक्वांडो खिलाड़ियों पर गर्व है। इस दिशा को सदैव विस्तारित करते रहेंगे। उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ला ने सम्मानित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपद के समस्त विद्यालयों में ताइक्वांडो प्रशिक्षण की अनिवार्यता की मांग जिला विद्यालय निरीक्षक से करेंगे। सचिव राजकुमार ने बधाई देते हुए कहा कि बेटियों को सशक्त बनाना ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर का कर्तव्य है। सम्मानित करने वालों में उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ला, सचिव राजकुमार, संयुक्त सचिव भारत वर्मा, कार्यकारणी सदस्य तनुज बाजपेई, शिव कुमार, अभिषेक, अनिकेत उपस्थित रहें।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )